आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 5, अंक 118, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

कनाडा। जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।

कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

नई दिल्ली/कनाडा। प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों के बीच फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा

प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया।

मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई।

ट्रंप ने प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्योता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने उनका यह न्योता तुरंत स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

पाकिस्तानी हमले को लेकर वेंस का आया था फोन

मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा।

सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

संभल/चंदौसी। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

- संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज के बाद भीड़ इकट्ठी कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का भी आरोप लगाया था।

पर्यटन और बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान से जुड़े प्रस्तावों पर मुहर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- कैबिनेट में चार अहम प्रस्तावों को मंजूरी गंगा गाय योजना के विलय को भी स्वीकृति

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में सहकारिता से लेकर पशुपालन, पर्यटन और बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। चार अहम निर्णय किए गए हैं।

मंत्रिमंडल बैठक में हुए फैसलों की जानकारी महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी ने संवाददाताओं को देते हुए बताया कि, सहकारिता विभाग में ऑडिट के लिए उप निबंधक ऑडिट के 1 निसंवर्गीय पद को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सहकारिता विभाग में उप निबंधक ऑडिट लेवल 11 के पद को 5 साल के लिए सृजन किया गया है जिसे कैबिनेट ने अपनी स्वीकृति दी है। यह एक निसंवर्गीय पद है। इसके अलावा, बद्रीनाथ धाम में स्थित आईएसबीटी वॉल्स पर मास्टर प्लान के अंतर्गत म्यूरल आर्ट वर्क (दीवारों पर कलात्मक चित्रण) किया जाएगा, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। इसके अलावा, पशुपालन विभाग की योजना, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थियों को पशुपालन के लिए 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है, डेयरी विकास की गंगा गाय योजना के विलय को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अब इस योजना का लाभ सामान्य वर्ग के लोगों को भी दिया जाएगा।

सूचना महानिदेशक के अनुसार, पशुपालन विभाग के अंतर्गत ही पशुधन प्रसार अधिकारियों के चयन के बाद इन्हें 2 साल तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण की अवधि को 2 साल से घटाकर 1 वर्ष किए जाने के निर्णय को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

देहरादून। हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र के ग्राम मूलदासपुर माजरा में बुधवार सुबह अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस हादसे में बुरी तरह से झुलसे श्रमिक दीपचंद (38) निवासी ग्राम मूलदासपुर माजरा ने दम तोड़ दिया जबकि फैक्ट्री की दीवार गिरने से छह गोवंश की मौत हो गई।

दूसरा श्रमिक रोनी गंभीर रूप से झुलस गया। एसएसपी ने बताया कि फैक्ट्री स्वामी दंपती पर प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

सीएम ने रणनीतिक सलाहकार समिति के साथ की बैठक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में रणनीतिक सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देने के लिए रणनीतिक सलाहकार समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नवाचार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समिति निरंतर कार्य करेगी। यह समिति राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा देने का मजबूत आधार तैयार करेगी। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, इंदु कुमार पांडे व मनु गौर मौजूद रहे।

केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन, 2 की मौत

देहरादून, अमृत विचार: केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी बरसाती नाले के पास बुधवार सुबह भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आए दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए।

पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने के कारण इस क्षेत्र से गुजर रहे कुछ यात्री तथा पालकी संचालक इसकी चपेट में आकर खाई में जा गिरे। हादसे का शिकार हुए लोगों की पहचान की जा रही है।

3000 में एक साल के लिए फास्टैग पास

निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर

गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

नेशनल हाईवे और राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं। यह अधिकतर दो लेन में होते हैं। इन्हें प्रदेश सरकारें समय-समय पर बनवाती रहती हैं।

मंगलवार रात्रि से शुरू हुआ वर्षा का दौर बुधवार तड़के तक रहा जारी, सुबह के समय मौसम रहा ठंडा, अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रहा

बारिश के बाद हल्द्वानी में पड़ी उमस भरी गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मंगलवार की रात बारिश का दौर शुरू हुआ और बुधवार तड़के तक बारिश होती रही। रिमझिम बारिश की वजह से सुबह के समय मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया। बाद में पूर्वाह्न के बाद उमस भरी गर्मी पड़ी।

हल्द्वानी में गर्मी से लोग परेशान थे। बुधवार की रात अचानक बारिश शुरू हुई। बारिश का दौर गुरुवार की सुबह तक चलता रहा। बारिश की वजह से मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया। ठंडी हवाएं चलने लगीं। बारिश रुकने के बाद पूर्वाह्न में धूप निकल आई। जिसके बाद उमस भरी गर्मी पड़ने लगी। हालांकि शाम करीब पांच बजे एक बार फिर से मौसम में बदलाव हुआ और हल्की बारिश हुई। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 19 से 21 जून तक बारिश होने का अनुमान है। 22 जून को हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जिले में भारी बारिश हो सकती है। संभावना है कि इस दौरान मानसून भी राज्य में प्रवेश कर जाएगा। इधर पहाड़ों में भी हल्की बारिश का दौर जारी है। मुक्तेश्वर में दिन के समय पारा 23 डिग्री तक पहुंचा। यहां शाम होने के बाद ठंडी हवा चल रही है।

तल्लीताल बोट स्टैंड के समीप हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

जून में 40 डिग्री नहीं पहुंचा पारा : इस बार जून माह में अभी तक हल्द्वानी में एक भी बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक दर्ज किया गया है। पिछले साल जून में करीब 10 दिन पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा था। पिछले साल 18 जून को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री दर्ज किया गया था। बारिश से तापमान में काफी गिरावट रही। नैनीताल जिले में जून में अभी तक 75.6 मिमी बारिश हो चुकी है।

सरोवर नगरी में झमाझम बारिश से उफान पर आए नाले

नैनीताल : सरोवर नगरी में बुधवार को तेज बारिश से नाले उफान पर आ गए और सड़कों में जलभराव हो गया। 24 घंटे में 35 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। नगर में बुधवार दोपहर एक बजे हुई तेज वर्षा का क्रम करीब आधा घंटा रहा, जबकि ढाई बजे से एक घंटा बारिश हुई। झमाझम बारिश ने सैलानियों की राह रोक दी। नाले उफान पर आ गए और सड़कों में जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व बीती रात भी वर्षा रुक-रुक कर होती रही। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के चलते सैलानियों का पहुंचना जारी है। विभिन्न नगरों से पहुंचे सैलानियों ने वर्षा थमने के बाद नगर के रमणीक पर्यटन स्थलों की सैर की। स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व वॉटरफॉल की सैर की। शाम को मालरोड में भी रौनक देखने को मिली। नौकायन वर्षा के दौरान ठप रहा, लेकिन बारिश थमने के साथ ही सैलानियों का हुजूम नौकायन के लिए उमड़ पड़ा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।

मंदिर के सुरक्षात्मक कार्य जल्द पूरा करें

देहरादून: मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य कार्यकारी समिति (एसईसी) की बैठक हुई। इसमें रामनगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर के मुख्य टीले के सुरक्षात्मक कार्यों तथा गौला नदी से सटे आपदा प्रबंधन से संबंधित बाढ़ सुरक्षात्मक व सड़क सुधार कार्यों पर चर्चा की गई। सीएस ने गर्जिया देवी मंदिर के सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बनभूलपूरा रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक गौला नदी के अत्यधिक पानी के बहाव के चलते क्षतिग्रस्त मार्ग तथा विभागों से जुड़ी हुई सभी परिसंपत्तियों की आईआईटी, रुड़की से हाइड्रोलॉजिकल स्टडी कराते हुए सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करने के भी निर्देश दिए।

चार माह में पूरा करें सड़क का निर्माण: हाईकोर्ट

मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए याचिका को किया निस्तारित

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने वर्ष 1993 से अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने संबंधी जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए सड़क निर्माण का कार्य चार माह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि एक जगह पर पुल का निर्माण किया जाना है जिसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बना ली गई है। जैसे ही बजट स्वीकृत होता है तो पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, याचिकाकर्ता का कहना है कि संबंधित विभाग ने एक वर्ष पूर्व पुल की डीपीआर बनाई थी लेकिन अभी तक बजट स्वीकृत नहीं हुआ इसलिए पुल का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के आदेश सरकार को दिए जाएं।

पौड़ी गढ़वाल निवासी कमल चन्द्र ने जनहित याचिका में कहा कि वर्ष 1993 में चोकल, पौड़ी गढ़वाल से सराईखेत अल्मोड़ा के लिए 3 किलोमीटर मार्ग स्वीकृत हुआ था, जिसमें से डेढ़ किलोमीटर मार्ग का निर्माण किया गया बाकी मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक नहीं हुआ। इस सम्बंध में उन्होंने और ग्रामीणों ने कई बार सरकार व पीडब्ल्यूडी को कई प्रत्यावेदन दिए परन्तु मार्ग का निर्माण कार्य नहीं किया गया। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने के आदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग को दिए जाएं।

जांच नियमावली पर बैठक करें सीबीआई व विजिलेंस

नैनीताल, अमृत विचार : उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस हल्द्वानी द्वारा गिरफ्तार नैनीताल के पूर्व मुख्य कोषाधिकारी (सीटीओ) दिनेश राणा और कोषागार के लेखाकार बसन्त जोशी की ओर से दायर जमानत अर्जियों पर सुनवाई की। एकलपीठ ने दोनों को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई के लिए आगामी बुधवार की तिथि नियत की है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई और विजिलेंस के अधिकारी पेश हुए। कोर्ट ने उनसे कहा है कि जो जांच नियमावली है, वह स्पष्ट नहीं है इसलिए विजिलेंस और सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी इस पर बैठक कर कोर्ट का मार्गदर्शन करें। विजिलेंस की टीम ने मुख्य कोषाधिकारी और लेखाकार को 1.20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत जिला न्यायालय नैनीताल/हल्द्वानी में कार्यरत 6 कर्मचारियों को एपीसी का लाभ दिए जाने के एवज में लिये जाने का आरोप है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

गंगा किनारे अवैध खनन पर अब 23 को होगी सुनवाई

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर व कुम्भ मेला क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ मातृ सदन हरिद्वार की जनहित याचिका पर सुनवाई कर अगली सुनवाई की तिथि 23 जून की नियत की है। मातृ सदन की तरफ से कहा गया कि कोर्ट व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हरिद्वार में चल रहे 48 स्टोन क्रशरों को वर्ष 2017 में बंद करने के निर्देश दिए गए थे, जो कोर्ट के निर्देश पर बन्द भी हो गए थे लेकिन उन्हें बाद में बिना कोर्ट की अनुमति के पुन: खोल दिया गया। बुधवार को याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इन्हें खोलने की अनुमति नहीं दी। इस बीच तीन स्टोन क्रशर स्वामियों की ओर से उन्हें भी पक्षकार बनाये जाने के प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पर्यावरणीय दृष्टि से गंगा से 5 किमी की दूरी पर स्टोन क्रशर लगाने की अनिवार्यता बताई। इस मामले में कोर्ट को बताया गया कि किसी उद्योग को बंद करने से पूर्व उसे नोटिस देना आवश्यक है। इस मुद्दे पर अब कोर्ट 23 जून को सुनवाई करेगी। इधर, सेना के विधिक प्रकोष्ठ ने कोर्ट को बताया कि सेना की एक बटालियन पर्यावरण व जल स्रोतों को बचाने के लिए कार्य कर रही है लेकिन वह नदियों में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिसिंग का काम नहीं कर सकती।

चारधाम यात्रा: अब तक 32 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

- चारधाम के साथ अन्य मंदिरों में भी पहुंचे रहे भक्त

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं।

उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 780554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 और हेमकुंड के लिए 169180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार- प्रसार पर जोर देते रहे हैं, ताकि तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। इसका सकारात्मक असर रुद्रप्रयाग स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर, उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या के रूप में नजर आने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक कार्तिकेय स्वामी मंदिर में गत वर्ष करीब चार लाख तीर्थ यात्री पहुंचे थे, जबकि इस बार भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी इस वर्ष अब तक 25 हजार तीर्थ यात्री पहुंच चुके हैं। जिस कारण अब चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, प्रसाद सहित तमाम तरह की गतिविधियां बढ़ रही हैं।

> उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में तीर्थाटन व पर्यटन की गतिविधियां तेज होना जरूरी है। उत्तराखंड देवभूमि है, यहां प्रत्येक देवालय का अपना महत्व है। सरकार सभी तीर्थ स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास करने का प्रयास कर रही है।
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

सार-संक्षेप

खनस्यूं थाने का घेराव करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जितेन की मौत के मामले में घेरा खनस्यूं थाना

भीमताल : जितेन बोरा की मौत के मामले में अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु के नेतृत्व में बुधवार को थाना खनस्यूं का घेराव किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं को संबोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष को दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीती चार जून को जितेन बोरा निवासी ओखलकांडा मल्ला की हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी कई खामियां आई हैं। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह पोस्टमार्टम जितेन बोरा का है। आरोप लगाया कि मामले में पुलिस लापरवाही बरतने के साथ ही पीड़ित परिवार को धमकाने का काम कर रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। थानाध्यक्ष विजय पाल ने ग्रामीणों को दो दिन का समय दिया है। थाने का घेराव करने वालों में नारायण सिंह, खीम सिंह बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, करन बोरा, टीकम खानवल, भारत खानवल, पान सिंह, शेरकर महतोली, जीवन बोरा, दिनेश बोरा, गजेंद्र सिंह बोरा, दीपक दुर्गपाल, प्रकाश मटियाली, प्रकाश दुर्गपाल, केसर आर्य, कमल बोरा, रोहित थूवाल, मोहन पलाडिया व कमल पोखरिया आदि ग्रामीण शामिल थे।

प्रत्येक जिला मुख्यालय में खोला जाए सरकारी वृद्धाश्रम

हल्द्वानी : वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद ने राज्य के बुजुर्गों को सशक्त बनाने के लिए हर जिला मुख्यालय में वृद्धाश्रम खोलने समेत विभिन्न मांगें उठाई हैं। परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने बुधवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ बुजुर्गों को प्राप्त हो सके। कहा कि सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में वृद्धाश्रम बनाने, बैंकों-अस्पतालों-ट्रेजरी में अलग से वरिष्ठ नागरिक काउंटर लगाने, बुजुर्गों की समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक तिमाही प्रशासन के साथ बैठक कराने, 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर समाज कल्याण की ओर से प्रादेशिक सम्मेलन, वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, असहाय व निराश्रित बुजुर्गों की मदद के लिए ग्राम पंचायत से शहर स्तर पर अधिकारियों को चिन्हित कर जिम्मेदारी सौंपे जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान जिला महामंत्री नवीन भट्ट व विष्णु सक्सेना आदि मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी अनामिका से मुलाकात करता शिष्ट मंडल।

भीमताल झील के संरक्षण पर हुई चर्चा

भीमताल : भीमताल नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा के नेतृत्व में सभासदों के एक शिष्ट मंडल ने विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। भीमताल झील के संरक्षण, साफ-सफाई व पार्कों के सौंदर्यीकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सीडीओ ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में सभासद रामपाल सिंह गंगोला, शिप्रा जोशी, विमला आर्य व हेमा दुमका आदि शामिल थे।

अपडेट के 15 दिनों के भीतर मिलेगी वोटर आईडी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र (EPIC) का तेजी से वितरण सुनिश्चित करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग ने एक एसओपी जारी की है।

इसके तहत वोटर लिस्ट में अपडेट के 15 दिनों के भीतर वोटर आईडी कार्ड की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल में किसी मतदाता का नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव जैसी सुविधा शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए उठाया गया कारगर कदम है।

आयोग द्वारा नई प्रणाली निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा वोटर कार्ड बनाने से लेकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से मतदाता को वोटर कार्ड की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं भी प्राप्त होंगी। इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा सिस्टम को फिर से तैयार करके और वर्कफ्लो को सुव्यवस्थित करके मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। डीओपी के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) को निर्बाध वितरण के लिए ईसीआईनेट के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करना चुनाव आयोग की प्राथमिकता में है।

मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाएं मतदाता

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने चुनाव को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवा लें। कहा कि जिन लोगों ने पिछले पंचायत चुनाव में मतदान किया है, वह सभी मतदाता भी अपना नाम वोटर लिस्ट में अपडेट कर लें, ताकि चुनाव के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बताया कि पंचायत नामावली हर चुनाव में अस्थाई रूप से बनाई जाती है। चुनाव के उपरांत पुरानी नामावली (वोटर लिस्ट) समाप्त हो जाती है। लिहाजा प्रदेश भर में नई मतदाता सूची बनाने का काम भी शुरू हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नैनीताल जिले के आठ ब्लॉक में अभी चार लाख 28 हजार 925 मतदाता पंजीकृत है। अब तक मतदाता सूची के आधार पर जिले में 2 लाख 58 हजार 72 महिला, जबकि 2 लाख 22 हजार 895 पुरुष मतदाताओं के नाम दर्ज हैं।

अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी विवेक राय। ● अमृत विचार

किस ब्लॉक में कितने मतदाता

● ओखल कांडा में 40 हजार 697 मतदाता ● 18638 महिला 21699 पुरुष पांच अन्य ● धारी में 27116 मतदाता ● 12727 महिला 14389 मतदाता अन्य 0 ● रामगढ़ में 31797 मतदाता ● 13046 महिला 16193 पुरुष 8 अन्य ● बेतालघाट में 39490 मतदाता ● 18556 महिला 20828 पुरुष 106 अन्य ● रामनगर में 76270 मतदाता ● 37051 महिला 39218 पुरुष 1 अन्य ● कोटाबाग में 53302 मतदाता ● 25684 महिला 26612 पुरुष 6 अन्य ● हल्द्वानी में 1 लाख 20 हजार 952 मतदाता ● 59275 महिला 61640 पुरुष 37 अन्य ● भीमताल में 39361 मतदाता 18895 महिला 20466 पुरुष

नोट : अभी इस सूची में बदलाव हो सकता है।

महासागरों के तापमान में हो रही वृद्धि चिंता का विषय: डॉ. महेश

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज में वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण के सटीक आंकलन के लिए भू स्थित उपकरणों को रिमोट सेंसिंग के जरिए सैटेलाइट से जोड़े जाने को लेकर तकनीकी विस्तार पर मंथन किया गया। भारत समेत दुनियाभर के मौसम में जलवायु परिवर्तन के कारण आ रहे बदलावों पर चर्चा भी हुई।

बेल्जियम के वायुमंडलीय विज्ञानी डॉ. महेश कुमार शा ने कहा कि वायु प्रदूषण कोई आज की नहीं, बल्कि दशकों पुरानी समस्या है। जिसकी रोकथाम के तमाम प्रयास अभी तक नाकाफी साबित हुए हैं। महासागरों के तापमान में निरंतर वृद्धि बड़ी चिंता का विषय है। डॉ. धन्यालक्ष्मी पिल्लई ने कहा कि वर्तमान में वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों की जांच व माप के लिए दर्जनों तकनीक इजाद हो चुकी हैं, लेकिन इनका विस्तार उतना नहीं हो पाया है। इसकी एक बड़ी वजह बजट का अभाव है। जिसे विश्व के सभी देश वहन नहीं कर सकते। लिहाजा पृथ्वी के ऑर्बिट से आसमान के विशाल हिस्से में गैसों के मापन की क्षमताओं वाली तकनीक विकसित करनी होगी। एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर तकनीकी सुविधाओं को इजाद करना और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाना है। डॉ. नरेंद्र सिंह ने मध्य हिमालय क्षेत्र में स्थापित किए गए डॉपलर रडार, ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन समेत अन्य उपकरणों की कार्य क्षमता और आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सम्मेलन के डॉ. उमेश दुमका, मोहित जोशी, डॉ. प्रियंका आदि मौजूद रहे।

एरीज में आयोजित सम्मेलन में विचार रखते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

सीएम ने विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति दी

देहरादून : सीएम ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा के विकासखंड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट (पाडली) तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 505 .71 लाख, जनपद रुद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र रुद्रप्रयाग के विकासखंड अगस्तमुनि में खांकरा छातीखाल मोटर मार्ग के किमी 01 से 05 में डीबीएम व बीसी द्वारा सुदृढ़ीकरण एवं सड़क सुरक्षा कार्य के लिए 444 .66 लाख, जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के विकासखंड हल्द्वानी के अंतर्गत रामनगर-कालाढुंगी- हल्द्वानी-काठगोदाग-चोरगलिया-सितारगंज-बिजटी राज्य मार्ग संख्या 41 किमी 36 में निहाल नदी पर 24 मीटर विस्तार आरसीसी सेतु के नवनिर्माण कार्य के लिए 319 .20 लाख की धनराशि स्वीकृत किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। राज्य में संचालित सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/निकायों में, जहां सातवां वेतनमान लागू है में कार्यरत नियमित कार्मिकों एवं पेंशनरों को राजकीय कार्मिकों की भांति दिनाक 1.1.2025 से वर्तमान दर 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत अनुमन्य किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

सभी आपत्तियों का किया गया निस्तारण

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन में जिले के सभी आठों ब्लॉक क्षेत्रों से आई आपत्तियों की निस्तारण करके रिकॉर्ड तैयार किया गया। विकास भवन स्थित पंचायत राज कार्यालय में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी असलम अली के नेतृत्व में समीक्षा बैठक की गई।

सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी असलम अली ने बताया कि ब्लॉक धारी से 19, रामनगर से 33, हल्द्वानी से 87, रामगढ़ से 31, बेतालघाट से 44, कोटाबाग से 50, ओखलकांडा से 42 एवं भीमताल से 41 आपत्तियां आईं थीं। आपत्तियों का निस्तारण करके बुधवार को रिकार्ड तैयार करने को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इसमें कुल 430 आपत्तियों प्राप्त थी। जिआपत्तियों का निस्तारण करके रिकार्ड तैयार किया गया, ताकि भविष्य में किसी के आपत्तियों के विषय में कोई भी सवाल जवाब करने पर उन्हें यह जानकारी डेटा के साथ दिया जा सके। बताया कि नैनीताल जिले में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 475 है, जबकि इससे पहले 479 थी। कोटाबाग से एक ग्राम पंचायत और रामनगर से 3 ग्राम पंचायत कम हुई है, जोकि अब नगर पालिका में शामिल है। ब्लॉक कोटाबाग के सहायक विकास अधिकारी विनोद भट्ट, हल्द्वानी के ललित सिंह ग्वाल, भीमताल के भोपाल सिंह बिष्ट आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायतों की संख्या

कोटाबाग 55	ओखलकांडा 75
हल्द्वानी 60	बेतालघाट 75
धारी 41	रामनगर 50
रामगढ़ 59	भीमताल 60

आज का मौसम

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

29.0°	24.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.13	सूर्यास्त 19.14

एक नजर

संत निरंकारी मिशन मनाएगा योग दिवस

हल्द्वानी : संत निरंकारी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को सुबह 6 बजे भारत में एक हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ योग दिवस का भव्य आयोजन होगा। यह जानकारी सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने दी है।

स्मैक संग एक गिरफ्तार किच्छा के पाजी का नाम आया सामने

हल्द्वानी : पुलिस ने स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एसआई भूपेंद्र सिंह मेहता टीम के साथ बीते रोज चेकिंग गश्त पर थे। इस दौरान एसटीएच के पास से एक व्यक्ति के पास से 4.83 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम मो. फिरोज उर्फ पाईपा पुत्र मो. अबरार निवासी गफ्फुर बस्ती वार्ड 24 थाना बनभुलपुरा बताया। साथ ही बताया कि स्मैक का आदी भी है और बेचता भी है। बरामद स्मैक वह किच्छा लालपुर से पाजी से लेकर आया था। जो कि टायर पंचर की दुकान पर मिलता है।

कच्ची शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

रामनगर : आबकारी निरीक्षक उमेश पाल के नेतृत्व में छोई चौराहा पर टीम ने घरों में दबिश दी। पूछताछ में घर में शराब बेच रहे चंदन सिंह आर्य पुत्र हीरा सिंह निवासी छोई से लगभग कुल 25 लीटर कच्ची शराब बरामदगी करते हुए उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 में अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि शराब बेचने वालों को चिन्हित कर आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।

मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने की याचिका पर सुनवाई, कोर्ट की निगरानी में होगी जांच

अब एसआईटी करेगी फईम की मौत की जांच

विधि संवाददाता, नैनीताल

- निर्देश-जांच अधिकारी इंस्पेक्टर नीरज भाकुनी का जिले से बाहर करें तबादला

अमृत विचार: हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हिंसा वाले दिन फईम की गोली लगने से हुई मौत के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने संबंधी याचिका पर बुधवार को सुनवाई की।

खंडपीठ ने इस मामले की जांच, विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने के निर्देश दिए हैं। जांच अदालत की निगरानी में होगी। साथ ही, खंडपीठ ने जांच अधिकारी (आईओ) नीरज भाकुनी का जिले से बाहर तबादला करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक की ओर से इस मामले में जवाबी हलफनामा पेश किया गया लेकिन अदालत इससे संतुष्ट नहीं हुई। अदालत ने माना कि पुलिस इस मामले में टालमटोल कर रही है। अदालत ने अंत में इस मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी और जांच अधिकारी के स्थानांतरण के निर्देश भी दिए। पूर्व में कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा था कि जांच अधिकारी



खुद इस मामले की जांच कर रहा है और अंतिम रिपोर्ट भी खुद ही पेश कर रहा है। यह अपने आप में एक अनोखी जांच की जा रही है।

मामले के अनुसार, याचिकाकर्ता परवेज उर्फ बबलू की ओर से वर्ष 2024 में दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि आठ फरवरी, 2024 को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में कुछ लोगों ने उसके भाई फईम की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

आरोपियों ने उसके घर में लूटपाट के साथ ही वाहनों में आग भी लगा दी थी। पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज नहीं किया। निचली अदालत के आदेश पर छह मई, 2024 को अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी दावा किया गया कि पुलिस की ओर से सही ढंग से जांच नहीं की गयी और इस मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में माना कि फईम की मौत हल्द्वानी दंगा के कारण हुई थी।

राष्ट्रपति आज से उत्तराखंड की तीन दिवसीय यात्रा पर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आज गुरुवार से उत्तराखंड की तीन दिवसीय यात्रा प्रस्तावित है।

राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इस यात्रा के दौरान वह देहरादून में राष्ट्रपति निवास, राष्ट्रपति निकेतन में रहेंगी और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति गुरुवार को राष्ट्रपति निकेतन में एक रंगशाला (एम्फीथिएटर) का उद्घाटन करेंगी और स्टाफ क्वार्टर, अस्तबल और बैरकों की आधारशिला रखेंगी। वे 20 जून को राष्ट्रपति निकेतन को आम जनता के लिए खोलने के अवसर पर उपस्थित रहेंगी और आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और स्मारिका दुकान जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन करेंगी।

वे राष्ट्रपति तपोवन के उद्घाटन के अवसर पर भी उपस्थित रहेंगी और राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखेंगी। राष्ट्रपति देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान का भी दौरा करेंगी, जहां वह एक प्रदर्शनी और मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन करेंगी तथा शुक्रवार को छात्रों से बातचीत करेंगी। उसी शाम वह राजभवन, नैनीताल के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक डाक टिकट जारी करेंगी।

हादसे में घायल दूसरे किशोर ने भी दम तोड़ा

अमृत विचार : 13 जून की रात एक दुग्ध वाहन ने बुलेट सवार आदित्य बिष्ट निवासी छड़ायल अपने दोस्त कुनाल आर्य निवासी बिठौरिया नंबर-1 को जोरदार टक्कर मार दी थी। दोनों किसी काम से रात दो बजे बरेली रोड की ओर जा रहे थे।

दोनों को एसटीएच ले जाया गया। जहां बुलेट चला रहे आदित्य को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका दोस्त कुनाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका छह दिनों से एसटीएच में उपचार चल रहा था। बुधवार को कुनाल ने भी दम तोड़ दिया। वह एक दुकान में काम करता था। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

2010 से पुराने वाहनों का डाटा दे वन निगम

परिवहन विभाग ने डीएलएम को पत्र लिखकर गौला-नंधौर नदी के 15 वर्ष पुराने वाहनों की सूची मांगी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने अब वन विकास निगम से गौला व नंधौर नदी में चलने वाले खनन वाहनों की सूची मांगी है ताकि वर्ष 2010 से पूर्व के वाहनों की फिटनेस जांच की जाए और अनफिट वाहनों के पंजीयन निरस्त किए जा सके। इससे पूर्व विभाग ने खनन समितियों से रिपोर्ट मांगी थी लेकिन किसी ने भी सूचना नहीं दी।

अधिकारियों के अनुसार, बीती 15 अप्रैल को जिला खनन समिति की बैठक हुई थी। इसमें 15 वर्ष से पुराने वाहन जो बिना फिटनेस और सत्यापन के धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। परिवहन विभाग का मानना है कि ऐसे वाहन राजस्व को तो नुकसान पहुंचा ही रहे हैं साथ ही इनका सड़क पर दौड़ना भी खतरनाक है। ऐसे वाहनों की जानकारी जुटाने के लिए बीती 30 मई को गौला-नंधौर नदियों की विभिन्न डंपर, खनन श्रमिक समितियों को पत्र लिखकर वर्ष 2010 से पुराने वाहनों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे लेकिन 18 दिन बीतने के बावजूद एक भी समिति ने कोई सूचना नहीं दी है। समितियों से कोई जवाब मिलता नहीं देख अब परिवहन विभाग ने एक बार फिर से 15 वर्ष पुराने वाहनों का डाटा जुटाने के लिए हाथ-पैर मारने शुरू कर दिए हैं। एआरटीओ विपिन कुमार सिंह ने वन विकास निगम के डीएलएम को पत्र लिखकर वर्ष 2010 से पुराने वाहनों की सूची मुहैया कराने को कहा है ताकि ऐसे वाहनों की फिटनेस व सत्यापन किया जा सके। इसके बाद मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले वाहनों के पंजीयन की निरस्तीकरण की कार्यवाही होगी।

नदियों में खनन के लिए चलते हैं करीब 15 हजार वाहन

हल्द्वानी : गौला नदी में 7,452 और नंधौर में भी ढाई-तीन हजार वाहन खनन के लिए पंजीकृत हैं। इसी तरह कोसी और दाबका नदी में भी हजारों वाहन खनन के लिए संचालित होते हैं। लगभग 15 हजार से अधिक वाहन खनन कार्य के लिए संचालित होते हैं। अमूमन देखा जाए पुराने वाहन ही नदियों में खनन के लिए भेजे जाते हैं, अब इनकी पंजीयन अवधि, फिटनेस व सत्यापन जांच का विषय है।

गौला में आज बंद हो जाएगी फावड़े बेल्चों की खन-खन

संवाददाता, हल्द्वानी

- नदी से 107476.60 क्विंटल उपखनिज की हुई निकासी
- 913551 रुपये का राजस्व मिला उपखनिज की निकासी से

अमृत विचार : गौला नदी में आज फावड़े बेल्चों की खन-खन बंद हो जाएगी। नदी से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 107476.60 क्विंटल उपखनिज की निकासी से 913551 रुपये का राजस्व मिला है।

गौला नदी में खनन सत्र 2025-26 भी दो साल पूर्व की तरह उतार चढ़ाव वाला रहा। इस वर्ष भाड़े को लेकर तो कभी वाहनों के सत्यापन को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन होते रहे। खनन सत्र 1 अक्टूबर से 31 मई तक होता है लेकिन उपखनिज निकासी का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर इस वर्ष राज्य सरकार ने खनन की अवधि 19 जून तक बढ़ा दी। केंद्र की शर्त के अनुसार, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के सर्वे के बाद नदी से उपखनिज निकासी का लक्ष्य दिया गया था जो पूरा नहीं हो सका था। इस पर राज्य सरकार ने नदी में खनन की मियाद 19 जून तक बढ़ा दी थी। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि गौला नदी से. घनमीटर का लक्ष्य था। अब सिर्फ घनमीटर उपखनिज की निकासी शेष है। आज नदी में खनन बंद हो जाएगा। इसके बाद खनिज निकासी गेटों पर खाई खुदान व सड़कों पर गड्ढे कर दिए जाएंगे साथ ही पैट्रोलिंग टीम को गश्त के लिए कहा जाएगा।

नशे में धुत सिपाही ने होटल में घुसा दी कार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नशे में धुत होकर कार चला रहे एक युवक ने कई लोगों की जान जोखिम में डाल दी। तेज रफ्तार कार लेकर वह सीधे एक होटल में घुस गया। घटना के वक्त वहां कई लोग खाना खा रहे थे। गनीमत रही कि कोई कार की चपेट में नहीं आया। जब लोगों ने युवक को कार से नीचे उतारा तो वह खुद को पुलिस वाला बताकर उल्टा लोगों पर रौब गांठने लगा। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

पुलिस के मुताबिक नैनीताल रोड पर भुजियाघाट में अमर सिंह जीना का रेस्टोरेंट है। मंगलवार रात एक कार सवार व्यक्ति ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और कार रेस्टोरेंट की दीवार से टकरा गई। जिस वक्त यह घटना हुई रेस्टोरेंट में कई लोग मौजूद थे। अचानक हुए हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाया। कार से एक व्यक्ति को उतारा, जिसने खुद को पुलिस कर्मी बताया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।



होटल में घुसी कार। ● अमृत विचार

- घटना के वक्त होटल में कई लोग कर रहे थे भोजन, सभी सुरक्षित
- लोगों ने कार से निकाल कर पूछा तो बोला, मैं पुलिस हूं

लोगों का कहना है कि खुद को पुलिस कर्मी बताने वाला चालक नशे में था, जो नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। ज्योलीकोट चौकी प्रभारी श्याम सिंह बोरा का कहना है कि घटना स्थल पर ही दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। रेस्टोरेंट की दीवार में दरार आई थी, जिसकी भरपाई कार चालक ने कर दी है।

अपराध के खिलाफ पुलिस ने जनता से की मदद की अपील

- मुखानी में एसपी सिटी ने नागरिकों के साथ की सीएलजी मीटिंग
- कहा, सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत पहुंचाएं अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जनता से मदद की अपील की है। इसको लेकर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने मुखानी में सीएलजी मीटिंग की। साथ ही जनता से कहा कि हादसे में घायल किसी भी व्यक्ति को सड़क पर छोड़ने के बजाय फौरन अस्पताल पहुंचाएं। इसके लिए उन्होंने गुड सेमेरिटन स्कीम का हवाला दिया।

मीटिंग में एसपी सिटी ने कहा, पर्यटन सीजन में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव का व्यवस्थापन करने के लिए जनता को यातायात नियमों का पालन करने व लोगों को जागरूक को कहा। इसके साथ ही गुड सेमेरिटन स्कीम के तहत सड़क दुघर्टना होने पर तत्काल घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाएं। बच्चों को नशे के दुष्परिणाम बताएं। नशे की तस्करी हो तो सूचना पुलिस को दें। महिला सुरक्षा, चोरी, नकबजनी व अन्य आपराधिक घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त करती है, लेकिन इसमें जनता का सक्रिय सहयोग जरूरी है। इस दौरान लोगों को सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाहों पर नियंत्रण, साइबर या ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी भी दी। बैठक के दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष मुखानी वीरेंद्र चंद्र, सीएलजी मेंबर व मुखानी पुलिस मौजूद रही।

मुखानी में नागरिकों के साथ बैठक करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र। ● अमृत विचार

दौड़ लगा रहे युवक की हार्ट अटैक से जान गई

संवाददाता, नैनीताल

- युवक की मौत की सूचना से परिवार में मचा कोहराम
- पुलिस ने पंचनामे के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार : सेना में भर्ती और मैराथन की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहे एक युवक की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम है।

जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्त के साथ नैनीताल की भवाली रोड में अभ्यास कर रहा था। इसी दौरान अचानक वह सड़क पर गिर गया। जिसके बाद रोडवेज बस चालक और परिचालक व हरियाणा के पर्यटकों की मदद से मूर्छित अवस्था में युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, यहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय भूपेंद्र देवली निवासी नैनीताल बुधवार सुबह अपने दोस्त के साथ हर रोज की तरह मैराथन व लंबी दौड़ की प्रैक्टिस करने के लिए भवाली रोड में निकला था। इस दौरान दोनों दौड़ते-दोड़ते भवाली रोड पहुंचे, जहां अचानक कैलाखान के पास भूपेंद्र देवली जमीन पर गिरा गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता नंदन सिंह नैनीताल वन विभाग में कार्यरत है। सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए थे।

दिल्ली की युवती से दुष्कर्म होटल के जीएम पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- नैनीताल रोड स्थित होटल का जीएम है रामनगर का रोहित
- होटल में इवेंट कराने के नाम पर पीड़िता को बुलाया था हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के एक बड़े होटल के जीएम द्वारा दिल्ली की युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जीएम ने इवेंट कराने का झांसा देकर उसे हल्द्वानी बुलाया। सहेली के साथ हल्द्वानी पहुंची युवती को जीएम ने दूसरे होटल में ठहराया और रात अचानक उसके रूम में घुस गया। जहां पहले उसने शराब पी और फिर दुष्कर्म किया। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने आरोपी जीएम रोहित बेलवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। उसने हल्द्वानी और रामनगर के होटल व रिजॉर्ट में इवेंट किए हैं। युवती का कहना है कि रामनगर स्थित एक रिजॉर्ट में इवेंट के दौरान उसकी मुलाकात सावल्दे रामनगर निवासी रोहित बेलवाल से हुई थी। उस वक्त रोहित रिजॉर्ट का मैनेजर था। वर्तमान में वह हल्द्वानी में नैनीताल रोड स्थित एक बड़े होटल का जीएम है। रोहित जब रिजॉर्ट का मैनेजर था, तब उसने कई काम उसे दिलाए। आरोप है कि मंगलवार की रात रोहित ने एक इवेंट आयोजित करने के लिए बुलाया था।

पीड़िता दिल्ली से अपनी सहेली के संग हल्द्वानी पहुंची। रोहित ने उसे नैनीताल रोड स्थित दूसरे होटल में ठहराया। उसी रात अचानक रोहित जबरन उसके कमरे में घुस गया। पीड़िता के मुताबिक उसके विरोध के बावजूद रोहित उसके कमरे में घुस आया और फिर वहीं बैठकर शराब पी। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़िता ने फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती को फौरन मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां दुष्कर्म की पुष्टि हुई। भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि रात को फोन आने पर वह होटल पहुंचे थे। जहां युवती रो रही थी। मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। आरोपी जीएम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

लेटलतीफी सितंबर 2024 में पूरा होना था काम, एक साल नौ माह बाद भी नहीं हुआ पूरा, अभी भी कार्य पूरा होने में छह महीने और लगने की है उम्मीद

कछुआ गति से हो रहा है कैथलैब का निर्माण

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में कैथलैब का निर्माण काफी धीमी गति से हो रहा है। पहले कैथलैब का निर्माण समय से शुरू नहीं हुआ और जब शुरू हुआ तो इसके निर्माण में धीमी गति होने से अस्पताल प्रबंधन परेशान है। कैथलैब के बनने से कुमाऊं के हृदय रोगियों को काफी लाभ मिलेगा।

एसटीएच में हृदय रोगियों को दूसरे अस्पताल में भेजना पड़ता है। मरीजों को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश या एम्स दिल्ली जाना पड़ता है। हृदय रोग के उपचार में कैथलैब का होना बहुत जरूरी है। कैथलैब में हृदय के ऑपरेशन के लिए पूरा सामान होता है। कॉलेज प्रबंधन के प्रयासों से कोटद्वार की बीईएल कंपनी ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत एसटीएच को 9 करोड़ रुपये की मशीनें देने का जुलाई 2023 में एमओयू साइन कर लिया था। ठेका मिलने के बाद उत्तराखंड कृषि विपणन बोर्ड ने देरी के साथ एसटीएच में कैथलैब का निर्माण शुरू कर दिया। सितंबर 2023 में कहा गया था कि कैथलैब का निर्माण एक साल के अंदर पूरा कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सितंबर 2024 को बीते हुए भी करीब नौ माह का समय बीत गया है और अभी भी कैथलैब का निर्माण चल ही रहा है। फिलहाल कैथलैब का ढांचा खड़ा हो गया और इसमें बिजली फिटिंग हो रही है। बुधवार को मौके पर जाकर देखा कि केवल तीन लोग यहां पर काम कर रहे थे। अगले छह माह में भी इसका काम पूरा हो जाए, बहुत मुश्किल है। इसके बाद इसमें सेंट्रल एसी, बिजली, पानी आदि का काम होगा। कैथलैब में एंजियोग्राफी, स्टेंट, पेसमेकर, एंजियोप्लास्टी, टीएमटी, टू-डी-इको आदि की सुविधा होगी।

एसटीएच में चल रहा कैथलैब का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

एसटीएच में अधूरा पड़ा कैथलैब का कार्य।

सरकार नहीं कर पाई इंतजाम

सरकार के कई दावों के बावजूद एसटीएच में रेडियोलॉजिस्ट की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति नहीं कर पाई। अस्पताल में पूरे कुमाऊं भर के मरीज आते हैं। यहां केवल एक ही रेडियोलॉजिस्ट थे। जिस वजह से मरीजों को दिक्कत होती थी। बाद में पीपीपी मोड पर रेडियोलॉजी सेवा को देना ही पड़ा।

सांसद भट्ट ने जताई थी नाराजगी

अक्टूबर 2024 में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट निर्माणाधीन कैथलैब का निरीक्षण करने एसटीएच पहुंचे थे। तब उन्होंने स्पष्ट तौर पर नाराजगी जताई थी कि निर्माण एजेंसी ने काम को धीमी गति से किया है। उन्होंने निर्देश भी दिए थे कि काम को तेज गति से किया जाए। हालांकि इसका असर भी नहीं दिखा है।



निर्माण एजेंसी को तेजी के साथ कैथलैब का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद यहां के लिए मशीनों को खरीदा जाना है। जिससे डॉक्टरों की नियुक्ति करके जल्द से जल्द कैथलैब में मरीजों का उपचार शुरू किया जा सके।
-डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

पीपीपी मोड से बढ़ गई अल्ट्रासाउंड की संख्या

हल्द्वानी : स्वास्थ्य सेवाओं में पीपीपी मोड को लेकर कई बार आलोचना भी होती है लेकिन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में पीपीपी मोड पर शुरू किए गए अल्ट्रासाउंड से मरीजों को काफी लाभ हुआ है। अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से यहां अल्ट्रासाउंड सेवा को पीपीपी मोड पर दिया गया। व्यवस्था की गई अस्पताल के साथ ही निजी कंपनी भी अल्ट्रासाउंड करेगी। तय हुआ कि जब मरीज ज्यादा हो जाएंगे तो उन मरीजों का पीपीपी मोड सेवा से अल्ट्रासाउंड करवाया जाएगा। अस्पताल में पहले एक दिन में केवल 40 मरीजों के अल्ट्रासाउंड होते थे। अब मरीजों के अल्ट्रासाउंड की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। इनमें 40 अल्ट्रासाउंड अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट और 25 अल्ट्रासाउंड कंपनी के रेडियोलॉजिस्ट ने किए। सूत्रों के अनुसार अस्पताल प्रबंधन ने कंपनी के मैनेजर से कहा है कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की संख्या और भी है। अगर कंपनी एक और रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था कर ले तो उसे और भी अल्ट्रासाउंड करने को मिल जाएंगे। अब एसटीएच में रेडियोलॉजी सुविधा बाधित नहीं होगी। अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी जालने पर भी अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे होते रहेंगे।

गौलापार क्षेत्र में लो वोल्टेज और कटौती किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौलापार में अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विद्युत ईई को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने लो वोल्टेज व विद्युत कटौती की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। गौलापार के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के ईई को ज्ञापन सौंप कर कहा कि गौलापार में विद्युत कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।

खेती के लिए नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं जिससे सिंचाई के लिए पानी की समस्या हो रही हैं। वहीं, गर्मी में कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यदि बिजली आती भी है तो लो-वोल्टेज होने से सभी उपकरण शोपीस बने रहते हैं। उन्होंने ईई से इस समस्या के समाधान की मांग की है। यहां अर्जुन बिष्ट, यशपाल आर्या, मोहन चंद्र, लीला बिष्ट, हीरा बिष्ट, नंदकिशोर आर्या, विद्या लोशाली, बाल किशन रहे।

सार-संक्षेप

एसबीआई लालकुआं में आयोजित शिविर के दौरान रक्तदान करते लोग।

रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त किया एकत्रित

लालकुआं : भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसबीआई की लालकुआं शाखा में सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की चिकित्साधिकारी डॉ. स्मिता पांगती के नेतृत्व में बुधवार को शिविर लगाया गया। एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय से आए गिरीश सायना और राजीव कुमार की देखरेख में पांच दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शाखा प्रबंधक मुकेश बमेटा के मुताबिक बैंक ने देशभर में 70 हजार यूनिट रक्त एकत्र करने का संकल्प लिया है। शिविर में अमित पांगती, बीडी कांडपाल, विनोद नेगी, बिमला अटवाल, नवीन चंद्र, राहुल, पुष्कर जीना, गिरीश मौनी और हरीश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

रामनगर-कालाढूंगी हाईवे में हुआ गड्ढा।

रामनगर-कालाढूंगी हाईवे में गड्ढा दे रहा हादसों को दावत

कालाढूंगी : रामनगर-कालाढूंगी हाईवे में बैलपड़ाव के पास गड्ढा हादसों को दावत दे रहा है। रामनगर लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत बैलपड़ाव मुख्य बाजार से कुछ दूरी पर बरसात की वजह से सड़क धंस गई है। इससे यहां पर गड्ढा हो गया है। विभाग ने सिर्फ मिट्टी डालकर इतिश्री कर ली। रामनगर-देहरादून मुख्य मार्ग होने की वजह से इस सड़क पर वाहनों का अधिक दबाव रहता है। गड्ढे की वजह से अधिकांश दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। साथ ही वाहन भी अनियंत्रित हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के जेई नाजिम हुसैन ने बताया कि जल्द ही गड्ढे को भरने का काम किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, दो घायल

रामनगर : काशीपुर निवासी मोहित कुमार अपनी दो साली मोहिनी व सलोनी को बाइक से गिरिजा मंदिर लेकर जा रहा था। बुधवार दोपहर करीब एक बजे दिल्ली से रामनगर जा रही पर्यटकों की कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने तीनों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। पीरूमदारा चौकी प्रभारी सुनील धानिक ने बताया कि काशीपुर में मोहिनी की उपचार के दौरान मौत हो गई, सलोनी व मोहित घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

रामनगर छोड़ना नामंजूर इसलिए यहीं हो विस्थापन

चुकम गांव के लोगों ने जसपुर क्षेत्र में बसाने के प्रस्ताव को नकारा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: नगर से 24 किलोमीटर दूर चुकम गांव का विस्थापन एक बार फिर अधर में लटकता दिखाई देने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की है कि उन्हें रामनगर तहसील के अंतर्गत ही विस्थापित कर दिया जाए। उन्हें रामनगर छोड़ना मंजूर नहीं है।

1993 से विस्थापन की उम्मीद लगाए बैठे इस गांव के ग्रामीण आज भी ठोस समाधान की प्रतीक्षा में हैं। लगभग तीन दशक से सरकारी आश्वासनों और योजनाओं की फाइलों में उलझे इन ग्रामीणों का सब्र अब जवाब देता नजर आ रहा है। दरअसल चुकम गांव रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत आता है और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संवेदनशील है, इसलिए वर्षों पहले ही इसे विस्थापित करने की जरूरत महसूस की गई थी। लंबे इंतजार के बाद प्रशासन की ओर से इन्हें रामनगर के आमपोखरा रेंज में बसाने की योजना बनी। जमीन भी चिह्नित हुई। सर्वे हुआ और ग्रामीणों को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन ऐन वक्त पर कुछ आपत्तियों और वन विभाग की आपसी खींचतान के चलते यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। इसके बाद प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को उधमसिंहनगर जिले के जसपुर स्थित किलावली क्षेत्र में बसाने का प्रस्ताव दिया गया, लेकिन अब ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव को सिरे से नकार दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे नैनीताल जिले और रामनगर तहसील की भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े हैं। ऐसे में उन्हें जसपुर विस्थापित करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जड़ों से काट देने जैसा होगा। लक्ष्मण सिंह का कहना है कि हम 1993 से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। अब अगर हमें अपने इलाके से दूर कहीं और बसाया जाएगा तो ये अन्याय होगा। हम यहीं रहना चाहते हैं, रामनगर को नहीं छोड़ना चाहते। उधर, एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि इन ग्रामीणों को बेहतर विकल्प मिले, लेकिन कुछ अड़चनें हैं, जिन्हें हल किया जा रहा है। जल्द ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान जसी राम, गंगा सिंह, चंदन सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुंदर राम व मनवर सिंह ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम को ज्ञापन देने जाते चुकम गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

रजिस्ट्रार कानूनगो को ज्ञापन देते किसान सभा के सदस्य। ● अमृत विचार

मांगों को लेकर किसान महासभा ने बुलंद की आवाज, धरना भी दिया

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: बिंदुखत्ता को अति शीघ्र राजस्व गांव बनाने की अधिसूचना जारी कराने व आवारा गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान समेत अन्य मांगों को लेकर किसान महासभा ने बुधवार को शहीद स्मारक पर धरना दिया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन रजिस्ट्रार कानूनगो को दिया गया।

इस दौरान हुई जनसभा में भाकपा माले के प्रदेश सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को उजाड़ने वाली सरकार है। बिना जनसंघर्ष के यह राजस्व गांव बनाने वाली नहीं है। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव की घोषणा करने के बावजूद अभी तक राजस्व गांव की अधिसूचना जारी नहीं की जा रही है। भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडे ने कहा कि बिंदुखत्ता की जनता ने बसासत से लेकर हर विकास कार्य अपने संघर्ष के बल पर ही हासिल किया है। राजस्व गांव भी जनसंघर्ष के बलबूते ही हासिल होगा। यह सरकार जनता की एकता से ही डरती है। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि आवारा पशु फसलों की बर्बादी के साथ ही दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा को सौंपा गया। ज्ञापन में बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने, आवारा गोवंश से निजात दिलाने, पशुपालकों व किसानों को आवारा गोवंश से होने वाली नुकसान की भरपाई करने, गोवंश से होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रित को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने के साथ ही गोशाला संचालकों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी और संचालन विमला रौथाण ने किया। धरना-प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष भुवन जोशी, जिला सचिव चंदन राम, आनंद सिंह सिजवाली, वेद प्रकाश, पंकज चौहान, किशन बघरी, राजेंद्र सिंह बोरा, पुष्कर दुबड़िया, गोविंद जीना, प्रभात पाल, ललित मटियाली, धीरज कुमार, दीवान राम आदि शामिल रहे।

पीएचसी लालकुआं में घायल बालक का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

दिनदहाड़े घर से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी की

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार: क्षेत्र के बमेटा बंगर खीमा गांव में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता गीता जोशी ने बताया वह अपनी बेटी के साथ यहां बमेटा बंगर खीमा में रहती है, जबकि उनके पति बाहर नौकरी करते हैं। बुधवार सुबह वह अपनी पुत्री के साथ पास ही के गांव हरिपुर लच्छी में अपने मायके गई थी। बताया कि दोपहर डेढ़ बजे घर लौटी तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान तितर-बितर पड़ा था। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। चोरों ने अलमारी के लॉकर से दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान के झुमके व एक नाक की फूली समेत करीब ढाई हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ किया है। मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अग्रवाल ने अधीनस्थों को अविलंब घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। कोतवाल दिनेश फर्त्याल, चौकी प्रभारी हल्दूचौड़ शंकर नयाल, चौकी प्रभारी बिंदुखत्ता सोमेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए।

उधर, गांव में दिनदहाड़े हुई इस चोरी की वारदात ने ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग करते हुए इलाके में गश्त बढ़ाने और बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग की है।

घटना की जानकारी लेतीं पुलिस क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

हृदयगति रुकने से व्यापारी हरीश का निधन

लालकुआं : मुख्य बाजार वार्ड नंबर 6 निवासी हरीश मदान बुधवार सुबह घर की छत में पौधों में पानी डाल रहे थे। इसी दौरान उन्हें घुटन सी महसूस हुई। उनकी डॉ. भतीजी ने उन्हें हार्ट की दिक्कत बताते हुए सीपीआर दी। जिसके बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। उन्हें एसटीएच चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि हरीश मदान को हृदयाघात होने के बाद व्यापारी एवं क्षेत्रवासी लगातार 108 नंबर पर कॉल करते रहे, परंतु कॉल नहीं लगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने स्थानीय कोतवाली में फोन करके वहां खड़ी होने वाली 108 के चालक से वार्ता की तो वह एंबुलेंस लेकर अस्पताल पहुंचा। हरीश को 108 द्वारा अस्पताल ले जाया जा रहा था, परंतु उक्त एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिस्टम सही नहीं होने एवं उपकरण खराब होने से परिजन नाराज दिखाई दिए।

लालकुआं में डंपर की चपेट में आकर पिता-पुत्र घायल, हायर सेंटर रेफर

लालकुआं, अमृत विचार: नगर के स्टोन क्रेशर में आरबीएम डालने आए डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। बजरी कंपनी लालकुआं निवासी सूरजपाल कश्यप भगवती मंदिर के पास चाट का ठेला लगाते हैं। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने 13 वर्षीय पुत्र अनुज कश्यप के साथ सामान लेकर बाजार से बाइक से लौट रहे थे। हल्द्वानी स्टोन क्रेशर के मुख्य द्वार के पास डंपर और उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में भर्ती कराया। यहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, अनुज की हालत गंभीर बनी हुई है।

कार्यालय उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा
जिला पंचायत परिसर धारानौला, अल्मोड़ा

पत्रांक : 223/4-स्टार/ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 12 जून 2005

ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा द्वारा चाय मशीनें क्रय करने हेतु ई-निविदायें दिनांक 12.06.2025 से ऑनलाइन Website www.uktenders.gov.in पर दिनांक 02.07.2025 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी, निविदा प्रपत्र व निविदा शर्तें Website www.uktenders.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं तथा निविदा से सम्बन्धित विवरण बोर्ड की विभागीय वेबसाईड www.utdb.uk.gov.in पर भी उपलब्ध है।

निदेशक,
उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा
दूरभाष संख्या-05962-230606, 237746

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए।

मंगलवार देर रात मोनू पुत्र रामौतार उम्र 24, शेखर पुत्र रमेश उम्र 22 व राकेश पुत्र रामकिशन निवासी महेशपुरा, थाना बाजपुर उधमसिंह नगर हल्द्वानी से काम कर बाइक से लौट रहे थे।

कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में शीशम गेट चकलुवा के पास बाइक सवार पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन लेकर फरार हो गया। अपर उपनिरीक्षक जयवीर सिंह ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। यहां से तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एसटीएच रेफर कर दिया। राकेश को गंभीर चोट आने पर एम्स में उपचार के लिए भेजा जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मोनू के पिता रामौतार ने बताया कि तीनों आपस में दोस्त थे। तीनों सोलर लाइट व फेसिंग लगाने का कार्य ठेके में करते थे। उधर, थानाध्यक्ष विजय सिंह मेहता ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश की जा रही है।

मदरसों का निरीक्षण करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

टीम ने किया मदरसों का निरीक्षण, दो किए सील

रामनगर : प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर में पांच मदरसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो मदरसों को सील किया गया, जबकि तीन मदरसे पूर्व के निर्देशों के क्रम में बंद पाए गए। संयुक्त टीम ने मदरसा अरबिया शिफा उल उलूम अहले सुन्नत वल जमात पूछड़ी फौजी कॉलोनी व मदरसा फेजने रजा आशियाना कॉलोनी भवानीगंज को नियम विरुद्ध संचालन के कारण सील किया है। पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में मदरसा इस्लामिया अरबिया मिसबाहुल उलूम एजुकेशन सोसायटी नगीना मस्जिद गुलरघट्टी रामनगर द्वारा मदरसा स्वत ही बंद कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान उक्त मदरसे के बंद होने पुष्टि हुई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि इन मदरसों का निरीक्षण किया जाना रूटीन कार्यक्रम के अंतर्गत था। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, सहायक अल्पसंख्यक अधिकारी जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

सोमांश। ● अमृत विचार

रियलिटी शो में दिखेंगे लिटिल चैंप सोमांश

रामनगर: नगर के लिटिल चैंप सोमांश सिंह डंगवाल सोनी टीवी में प्रसारित होने वाले डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम सुपर डांसर में एक बार पुनः नजर आएंगे।

उनके पिता भुवन सिंह डंगवाल पूर्व सभासद ने बताया कि सोमांश की टीम और प्रोडक्शन हाउस ने फैसला लिया है कि सोमांश इस बार डांस का रियलिटी शो सुपर डांसर में भागीदारी करेंगे। बताया कि सोमांश बड़े-बड़े बैनर राजश्री, यस राज, विकॉम 18, टी सीरिज के साथ मूवी व टीवी सीरियल व एल्बम में काम कर रहा है। अब सोमांश को बतौर डांसर देखना चाहते हैं।

प्रमाण-पत्रों के साथ विद्यार्थी व कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

प्रशिक्षित विद्यार्थियों को दिए प्रमाण-पत्र

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी आस्थान आईसेट में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षित विद्यार्थियों को ड्रेस व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने कहा कि पुस्तकालय में अध्ययन से बच्चे आगे बढ़ सकेंगे। महामंत्री शलभ मित्तल, पूर्व सैनिक संगठन के सचिव भुवन डंगवाल, भावना भट्ट, नितेश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने न सिर्फ बच्चों को प्रोत्साहित किया, वरन उन्हें अच्छे मार्ग पर चलने के लिए उदाहरण भी दिए। संस्थान की निदेशक कविता अग्रवाल ने बताया कि लाइब्रेरी बच्चों को सभी प्रतियोगिताओं की किताबें ,वाई-फाई आदि सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के कोर्स के प्रमाण-पत्र व ड्रेस वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष नवनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मिताली राज ने प्रकृति के सौंदर्य का लिया आनंद

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बाद अब तराई पश्चिमी का फाटो जोन भी पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान मिताली राज ने प्रकृति के सौंदर्य का आनंद लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और स्टार खिलाड़ी मिताली राज हाल ही में फाटो जोन की सफारी पर पहुंचीं। मिताली ने अपने दोस्तों के साथ जंगल सफारी का आनंद लिया। उन्होंने जिप्सी चालकों व नेचर गाइडों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

7052 पदों पर पारदर्शिता से कीं नियुक्तियां : रेखा

बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में 323 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को दिए नियुक्ति पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को हल्द्वानी के ब्लॉक सभागार में नैनीताल जिले की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए। कुल 323 कार्यकत्रियों और सहायिकाओं में से 177 को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों से अनुपस्थित 146 को नियुक्ति पत्र डाक के माध्यम से भेजे गए।

कार्यक्रम में मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और कल्याण का अवसर है। प्रदेश में पहली बार पूरी भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई, जिसे महज तीन माह में पूरा कर लिया गया। प्रदेश में कुल 7052 पदों पर नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें 6330 सहायिका और 722 कार्यकत्री शामिल हैं। मंत्री आर्या ने कहा कि अब विभाग में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीटेक, एमटेक जैसी डिग्रियां रखने वाली उच्च शिक्षित महिलाएं आ रही हैं, जिससे विभाग की कार्यक्षमता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि सभी अपने पद की जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। इस दौरान नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, रंजन बर्गली, संदीप सनवाल, नवीन भट्ट, गोविंद सिंह, मनीषा आर्या, कमल रावत, एसडीएम राहुल साह, बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुलेखा बिष्ट आदि रहे।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या साथ में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत।

अल्मोड़ा में बुधवार को हुए नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद मंत्री रेखा आर्या।

मंत्री ने अल्मोड़ा में 562 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

अल्मोड़ा : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को चयनित की गई सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कहा कि जिले में कुल 562 की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बाकी रिक्त पदों को भरने के लिए भी जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 7052 पदों पर भर्ती की गई हैं। इनमें से 562 नियुक्ति अल्मोड़ा जिले में की गई हैं। कहा कि जिले में 800 से ज्यादा रिक्तियां थी। उन्होंने बाकी रिक्त पदों के लिए भी जल्द प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, सीडीओ दिवेश शाशनी, रवि रौतेला, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद, डीएसओ महेशी आर्या, विनीत बिष्ट व हरीश कनवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

एमबीपीजी कॉलेज में ओएमआर शीट की स्कैनिंग शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत ओएमआर शीट की स्कैनिंग के लिए कुमाऊं विवि की स्क्रीनिंग टीम बुधवार को पहुंच चुकी है। टीम ने कॉलेज में पहले दिन बड़ी संख्या में विषयवार ओएमआर शीटों की स्कैनिंग की। विवि ने ओएमआर शीट के स्कैनिंग के लिए निजी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दिया है। जिसके तहत सभी विषयों की शीट स्कैन की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि परीक्षकों की ओर से मूल्यांकन के बाद विषयवार कॉपियों में चढ़ाए गए अंकों को कॉलेज की टर्बुलेटर टीम ओएमआर शीट में चढ़ाती है। इसके बाद ओएमआर शीट को स्कैनर मशीन की सहायता से स्कैन किया जाता है। स्कैन ऑल प्रो सॉफ्टवेयर की मदद से सभी शीटों का डाटा सुरक्षित रखा जाता है। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि स्कैनिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस डाटा को कुमाऊं विश्वविद्यालय को सौंपा जाएगा। जिसके बाद विवि की ओर से परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा।

दमुवाढूंगा में आबादी से सटे जंगल में गिरी बिजली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दमुवाढूंगा में चौफला क्षेत्र में बस्ती से सटे जंगलों में एक पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। यह घटना एक घर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हुई है। बाद में लोगों ने जंगल में जाकर देखा कि एक पेड़ पर बिजली गिरने के निशान पड़े हुए हैं।

बुधवार की शाम को 4.28 बजे मौसम में बदलाव हुआ और तेज हवा चल रही थी। दमुवाढूंगा में चौफला क्षेत्र में बसी आबादी के पास जंगल में अचानक बिजली गिरने से बाहर खेल रहे बच्चे डर गए और इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय निवासी मन्नू गोस्वामी ने बताया कि पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। जहां बिजली गिरी है वहीं पास में ही लोगों के घर भी बने हुए हैं। गनीमत रही कि बिजली आबादी क्षेत्र में आकर नहीं गिरी। घटना जंगल में होने से बड़ा हादसा बच गया। बताया कि यह क्षेत्र वन विभाग के फतेहपुर रेंज में पड़ता है। घटना के बाद लोगों ने जंगल में जिस स्थान पर बिजली गिरी थी, वहां जाकर देखा तो पता चला कि बिजली एक पेड़ पर गिरी है। बिजली गिरने से पड़े को काफी नुकसान हुआ है। पेड़ का एक हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया।

दमुवाढूंगा के जंगल में पेड़ पर गिरी बिजली।

मौसम विज्ञान केंद्र ने दी थी चेतावनी

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने सुबह 11 बजे जारी बुलेटिन में कहा था कि नैनीताल जिले के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में मौसम बदल सकता है और साथ ही आकाशीय बिजली गिर सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने मौसम खराब होने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

कैबिनेट में नियमितीकरण पर मंथन न होने से निराशा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन (इंटक) ने कैबिनेट बैठक में इन कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नियमावली नहीं बनाने पर नाराजगी जताई है।

प्रदेश अध्यक्ष विनोद कवि ने कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी कि विभिन्न विभागों में उपनल के माध्यम से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की घोषणा की थी। उम्मीद थी कि कैबिनेट बैठक में इसको लेकर नियमावली पर चर्चा होगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। इसको लेकर संविदा कर्मचारियों में भारी निराशा है। ऐसा प्रतीत होता है कि शासन के कतिपय अधिकारी जानबूझकर मुख्यमंत्री की घोषणा को लंबित कर रहे हैं इससे राज्य सरकार की छवि को धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लगातार मंत्रिमंडल की बैठकें की जा रही हैं। किसी भी बैठक में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में चर्चा नहीं होना किसी साजिश की ओर इशारा कर रही है।

वहीं, संविदा कर्मचारियों को अल्प वेतन में गुजर बसर करना पड़ रहा है बल्कि कई संविदा कर्मचारियों व उनके परिजनों को मेडिकल सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। कवि ने मुख्यमंत्री से अपनी ही घोषणा का संज्ञान लेते हुए इसको लेकर पहल करने की मांग की है।

जगह न मिलने से 8 शौचालयों का काम रुका

- नगर निगम ने बनाया था 15 शौचालयों का प्रस्ताव, अभी तक 7 का ही हो सका है निर्माण

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में कई जगह सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों के साथ ही बाहरी लोग भी शहर में विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। लेकिन सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से उन्हें दिक्कतें होती है।

नगर निगम की ओर से शहर में 15 स्थानों पर प्रीफेब्रीकेटेड सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाना है। जिसमें से 5 स्थानों पर शौचालय बनाए जा चुके हैं। लेकिन शेष 9 शौचालयों के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह नहीं मिल पा रही है। जिस वजह से शौचालयों का निर्माण अटका पड़ा है। प्रस्ताव के अनुसार निगम की ओर से प्रति शौचालय (स्वच्छता कॉम्प्लेक्स) पर 10.6 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही जिन स्थानों पर बायो-डाइजेस्टर सेप्टिक टैंक नहीं हैं, वहां भी प्रति सेप्टिक टैंक के निर्माण पर 2.36 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जबकि पूरी योजना पर कुल 187.99 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

नगर निगम की ओर से एमबीपीजी डिग्री कॉलेज के सामने, सौरभ होटल के पास पेयजल निगम के गोदाम के समीप, रानीबाग श्मशान घाट के पास, कॉलटैक्स के पास टैक्सी पार्किंग के समीप, आंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा और मीरा मार्ग में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि मंडी में शौचालय का निर्माण चल रहा है।

शेष 8 शौचालय के लिए जगह मिलने के बाद ही कार्य शुरू हो पाएगा। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि शेष शौचालयों के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह तलाशी जा रही है। जगह उपलब्ध होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि ब्लॉक कार्यालय के पास भी शीघ्र कार्य शुरू किया जाएगा।

प्रीफैब्रिकेटेड शौचालय का डिजाइन।

ब्लॉक कार्यालय के पास शौचालय के कार्य में देरी

ब्लॉक कार्यालय के पास शौचालय के निर्माण में भी देरी हो रही है। ब्लॉक कार्यालय में भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। आसपास सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण वहां आने वाले लोगों के साथ ही स्थानीय दुकानदारों और आम जनता को भी दिक्कतें होती हैं। यहां शौचालय का निर्माण का अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इसी तरह कमलुवागांजा चौराहे पर भी सार्वजनिक शौचालय बनाया जाना था। सड़क चौड़ीकरण के तहत यहां बीच चौराहे पर स्थित अवैध तरीके से बने भवन को ध्वस्त किए जाने के बाद सार्वजनिक शौचालय के लिए जगह उपलब्ध कराई जानी थी। लेकिन लोनिवि की ओर से चौराहे पर भी सड़क बना दी गई और नगर निगम को जगह उपलब्ध नहीं कराई गई, जिस कारण यहां शौचालय का निर्माण लटक गया है।

उजाला नगर में पहुंच रहा गंदा पानी, टीम ने की जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

- जल संस्थान की टीम ने पेयजल लाइनों को जांचा
- गंदा पानी आने से स्थानीय लोग थे परेशान

अमृत विचार : उजाला नगर के लोगों ने जल संस्थान में घरों में गंदा पानी आने की शिकायत की है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी पीने योग्य नहीं है। लोग मजबूरी में बाहर से लाकर पानी पी रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद जल संस्थान हरकत में आ गया और बुधवार को एक टीम ने क्षेत्र में जाकर पेयजल लाइनों की जांच की।

जल संस्थान की टीम जब यहां जांच के लिए पहुंची तो देखा कि जल संस्थान की मुख्य लाइन से कई लोगों ने प्लास्टिक के पाइप को जोड़ा है। प्लास्टिक के पाइप कमजोर होते हैं और समय के साथ इनमें छेद हो जाते हैं या फिर ये कई जगह फट जाते हैं। जल संस्थान के अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्लास्टिक के पाइपों को हटा दिया जाए। कई उपभोक्ताओं के पानी के कनेक्शन लाइन नालियों में मिलीं। माना जा रहा है कि इस वजह से भी लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा होगा। इसे भी अधिकारियों ने तुरंत ही हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा जो लोग नालियों से पानी के कनेक्शन से नहीं हटाएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को भी लाइनों की जांच के लिए अभियान जारी रहेगा। इस दौरान सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, कनिष्क अभियंता भुवन भट्ट सहित विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

वरिष्ठ खिलाड़ियों व स्टेडियम ट्रेनीज के बीच हुआ मैत्री मैच

- जिला क्रीड़ाधिकारी ने खिलाड़ियों से लिया परिचय

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ओलिंपिक दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में मैत्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ियों और स्टेडियम ट्रेनीज के बीच रोमांचक मैच खेला गया। मैत्री मैच शुरू होने से पहले जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और मैच की शुरुआत की। वरिष्ठ खिलाड़ियों की टीम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र रावत, मुकुल भट्ट, समीर टंडन, नीरज जोशी, गौरव सती, रजत नेगी, करण शर्मा, गोविंद परिहार, प्रतीक सती, दिव्यांशु भंडारी, विराट आर्य और कृष्ण बब्बर शामिल रहे। वहीं, स्टेडियम ट्रेनीज की टीम से सुरेंद्र नेगी, हेम पांडे, भुवन जोशी, विद्या सागर, कविद्र कोरंगा, योगेन्द्र सिंह, प्रथम तिवारी, ओंकार और देव भट्ट ने प्रतिभाग किया। निर्णायक के रूप में अंकुश रौतेला, स्टीव, किरण मौर्य और अंजलि रहे। इस मौके पर सुरेश पांडे, श्याम मन्नू भट्ट, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, महेश, विमला रावत, दिनेश रावत, रितिका जोशी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बास्केटबॉल मैत्री मैच के दौरान मौजूद खिलाड़ी।

प्रवर्तन कार्रवाई में 108 चालान, 3 वाहन सीज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवहन विभाग की ओर से बुधवार को चलाई गई प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 108 वाहनों के चालान और 3 वाहनों को सीज किया गया। सीज किए वाहनों में एक ट्रक, पिकअप और ई रिक्शा वाहन शामिल है।

प्रवर्तन कार्रवाई सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान के नेतृत्व में हल्द्वानी-नैनीताल और परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद ने नैनीताल, भीमताल और गोविंद सिंह ने हल्द्वानी-कालाढूंगी मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी बाइक, ई रिक्शा, मैक्सी आदि वाहनों के टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, हेलमेट, नो पार्किंग, ओवरस्पीड आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान कुल 108 चालान में 30 ओवरस्पीड वाहनों और 20 टैक्सी बाइक के परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग में भी चालान किए। यहां निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल, नंदन रावत, चंदन सुप्याल, अनिल कार्की, चंदन ढैला, अरविंद हयांकि, गोधन सिंह, महेंद्र कुमार, मो. दानिश शामिल रहे।

स्पीड रडार गन से जांच करती टीम।

पूर्व पार्षद रोडू की जयंती पर लगा शिविर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पूर्व पार्षद स्व. नरेन्द्र जीत सिंह कोहली रोडू की जयंती पर श्री गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में लगे में 72 लोगों ने रक्तदान किया। नरेन्द्र जीत सिंह कोहली के कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया था। मेयर गजराज बिष्ट, राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, बलवीर सिंह, परमजीत सिंह कोहली, रुपप्रीत सिंह, जसकरण सिंह, नीरज बिष्ट,अमनदीप सिंह, दीपक जोशी, परविंदर सिंह, सिमरन गुजराल, नीरज बिष्ट, तरनप्रीत सिंह थे। आयोजक गगनदीप सिंह कोहली ने सभी का आभार प्रकट किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

आयोजन | प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से जीवन में संतुलन व अनुशासन लाने के बारे में बताया

शरीर ही नहीं, आत्मा की भी शुद्धि है जरूरी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से महिला कॉलेज की नमामि गंगे इकाई ने हीरानगर स्थित निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नशा पीड़ितों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक पुनर्वास को योग और भारतीय वैदिक ज्ञान परंपरा के माध्यम से सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध योगाचार्य ज्योति चुफाल के निर्देशन में हुआ, जिन्होंने सरल योगासन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से जीवन में संतुलन व अनुशासन लाने के उपाय प्रतिभागियों को बताए। उन्होंने कहा कि नशा केवल शरीर नहीं, आत्मा को भी दूषित करता है। कहा कि योग आत्मसंयम और आत्मबल का वह माध्यम है जिससे नशे की गिरफ्त से बाहर निकल सकता है।

योगाचार्य चुफाल ने वेदों और शास्त्रों के उद्धरणों के माध्यम से आत्मशुद्धि और संयम का महत्व समझाया। वेदों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय ग्रंथों में मानसिक संयम और पवित्र जीवनशैली को ही कल्याण का मार्ग बताया गया है। इस दौरान नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने कहा कि नदियों की स्वच्छता केवल बाह्य नहीं, आंतरिक पवित्रता से ही संभव है। निर्वाण केंद्र की संचालिका रश्मि रावल पंत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वैदिक मार्ग नशा मुक्ति का वास्तविक समाधान है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर गिरीश रेखाड़ी, नीरज जोशी, आनंद सिंह, दिनेश आगरी, ललित कोश्यारी, यशोधर नाथ आदि उपस्थित रहे।

राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की ओर से आयोजित नशा मुक्ति व योग कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

पोल से टकरा कर खेत में पलटा वाहन

हल्द्वानी : मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिम्मतपुर तल्ला में एक वाहन सड़क किनारे अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का पोल टूट कर सड़क की ओर लटक गया। जबकि हादसे के बाद अनियंत्रित हुआ वाहन सड़क किनारे खेत में पलट गया।

हादसे के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए विद्युत विभाग को इसकी जानकारी दी। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल क्षतिग्रस्त पोल को हटाने का कार्य शुरू किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नया पोल लगाया जा रहा है और शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम– अनिल कुमार, 9927028507

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एनपीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख	मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि	सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण
1	UP/ALI/RMPR/A000000053, श्री वसीम वसीम और श्रीमती तबस्सुम तबस्सुम, दोनों: गांव और, पोस्ट पटवाई, रामपुर, शाहाबाद, पोस्ट पटवाई, विलांड, मेट्रो, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 15,37,246/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	प्लॉट ग्राम पटवाई, तहसील शाहबाद, आर. रवि फिलिंग स्टेशन (150 मीटर), रामपुर, उत्तर प्रदेश, 244901, तहसील शाहबाद, आर. रावी फिलिंग स्टेशन (150 मीटर), मेट्रो, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901 पर स्थित है, इसकी सीमाएं: उत्तर – सत्यपाल फौजी प्लॉट, दक्षिण –खेत, पूर्व –सड़क 17 फीट चौड़ी पश्चिम –रहीस प्लॉट
2	UP/ALI/RMPR/A000000072 श्री सचिन सचिन और श्रीमती अनीता अनीता, दोनों: 16 घर कुतुबी मियां का फाटक, रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 9,73,149/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	16 घेर कुतुब मिया का फाटक रामपुर, रामपुर, राजद्वारा गेट, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901, सीमाएं:, उत्तर –सड़क 12 फीट चौड़ी, दक्षिण –महेश का घर, पूर्व –अन्य का घर, पश्चिम –मकान हरिओम
3	UP/ALI/RMPR/A000000121 श्री शोभित अग्रवाल 5जीए घेर मुसीवाला चाह सोतिया, 0, 5जीए, घेर मुसीवाला चाह सोतिया रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901 श्रीमती रश्मी अग्रवाल नियर साईं मंदिर, 0, गैर मुंशीवाला चाह सोतिया रामपुर, अर्धशहरी, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 12,29,606/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	घेर मुसीवाला चाहा सोतियान रामपुर, रामपुर, अर्धशहरी, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244901, सीमाएं उत्तर –राजिंदर का प्लॉट, दक्षिण –6 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व –हेमराज का घर, पश्चिम –शुशील का घर
4	UP/HDW/KSHP/A000000047 श्री मोहम्मद नदीम और श्री मोहम्मद इकबाल और श्रीमती खुर्शीदा बेगम, दोनों: वार्ड नंबर 20 कटोराताल काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 9,04,731/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	मकान नंबर 136 वार्ड नंबर 20 मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713, सीमाएं: उत्तर–मिर्जा जी का घर, दक्षिण–स्ट्रीट, पूर्व–रोड, पश्चिम–अन्य संपत्ति
5	UP/HDW/KTMA/A000000142 श्री धनराज धनराज गंगी खटीमा यू एस नगर, 0, खटीमा, सेमीअर्बन, खटीमा, उत्तराखंड, भारत –262308 एवं श्री रमा शंकर गंगी गौझरिया पति, 0, खटीमा, सेमीअर्बन, खटीमा, उत्तराखंड, भारत –262308 श्रीमती पुष्पा देवी गंगी गौझरिया, 0, खटीमा, सेमीअर्बन, खटीमा, उत्तराखंड, भारत –262308 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 11,04,591/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नंबर 64, खेत नंबर 2/22 मिन, गंगी गिधौर गौझरिया खटीमा, खटीमा, अर्धनगरीय, खटीमा, उत्तराखंड, भारत –262308, सीमाएं: उत्तर –दाता रामशंकर की भूमि, दक्षिण –18 फीट रोड, पूर्व –दीपक कुमार की भूमि, पश्चिम –सुनील कुमार की भूमि
6	UP/HDW/RDRP/A000000210 श्री मदन सिंह वनक्रांदी फुलसुंगी रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 और श्रीमती रेखा देवी फुलसुंगा रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 10,30,090/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	फुलसुंगी रुद्रपुर यू.एस.नगर, रुद्रपुर, अर्धशहरी, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153, इसकी सीमाएं: उत्तर–अन्य प्लॉट, दक्षिण–पांडेयजी का प्लॉट, पूर्व–अन्य प्लॉट, पश्चिम–20 फीट चौड़ी सड़क
7	UP/HDW/STGJ/A000000116 श्री अमरजीत सिंह और श्रीमती सावित्री देवी, दोनों पते: धीमरखेड़ा काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 21,27,991/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	धारियाल रोड ढीमरखेड़ा काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713, परिसीमाएं: उत्तर –सड़क, दक्षिण – अन्य संपत्ति, पूर्व –सड़क, पश्चिम –इंदर सिंह का घर
8	UP/UDA/GADA/A000000082 श्री मोहम्मद नदीम और श्रीमती जरीना बेगम, दोनों, गांव बिजारखाता पोस्ट मसवासी, 00, सुँर रामपुर, मैडिकल स्टोर के पास, शहरी, सुअर, उत्तर प्रदेश, भारत –244924 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 30,55,240/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 480 ग्राम मसवासी सौर, रामपुर, खाड़ी ट्रान्सफॉर्म के पास, शहरी, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244924, सीमाएं: उत्तर–इदरीस के खेत, दक्षिण –12 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, पूर्व–जाफरीन के खेत, पश्चिम–नसीब जहां के खेत
9	UP/UDA/JSHP/A000000141श्री पुष्पेंद्र शर्मा महेशपुरा, श्रीमती पुष्पा शर्मा एवं श्री मोहित भारद्वाज, सभी: महेशपुरा, 00, महेशपुरा काशीपुर, मंदिर, शहरी, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 11,87,015/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नंबर 1419/2 मिन, ग्राम सरवरखेड़ा, तहसील काशीपुर, काशीपुर, अकांसिहा गार्डन, ग्रामीण, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713, परिसीमाएं: उत्तर –16 फीट रोड, दक्षिण –खाली प्लॉट, पूर्व –सुशील शर्मा का प्लॉट पश्चिम –10 फीट रोड
10	UP/UDA/JSHP/A000000214 श्री अजमेर सिंह और श्रीमती अमनप्रीत कौर, दोनों: गौरी कुंज चरण 1 काशीपुर, अजमेर सिंह, काशीपुर, मंदिर, शहरी, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 13,40,906/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गौरी गंज फेज नंबर 1, काशीपुर, मंदिर, शहरी, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713, सीमाबद्धः उत्तर –25 फिट रोड, दक्षिण – अन्य का प्लॉट, पूर्व – अजमीर का घर, पश्चिम – अन्य का प्लॉट
11	UP/UDA/RUDR/A000000211, श्री राम सिंह और श्रीमती स्वाति कुमारी, दोनों पते: 45 कालीनगर जयनगर, 18, कालीनगर रायपुर दिनेशपुर उधम सिंह नगर, जयनगर, ग्रामीण, दिनेशपुर, उत्तराखंड, भारत –263160 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 14,52,487/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नंबर 00422 खसरा नंबर 687 गांव विजय नगर रुद्रपुर, रुद्रपुर, रुद्रपुर, ग्रामीण, दिनेशपुर, उत्तराखंड, भारत –263160, सीमाएं: उत्तर – अन्य का प्लॉट, दक्षिण – सड़क 19 फीट, पूर्व – कौशिक विला, पश्चिम – अन्य का खाली प्लॉट
12	UP/UDA/RUDR/A000000304 श्री मनोज कुमार और श्रीमती पिंकी गुप्ता, दोनों: वार्ड नं. 2 आजादनगर सोनेरा, आजादनगर सोनेरा, उधम सिंह नगर, ग्रामीण, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, भारत –263148 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 7,98,114/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	वार्ड नंबर 2 आजादनगर सोनेरा, उधम सिंह नगर, ग्रामीण, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, भारत –263148, परिसीमाएं: उत्तर–सड़क 18 फीट, दक्षिण – यश कुमार का गूल फिर खेत, पूर्व – संतोष कुमारी का घर, पश्चिम – विकास या उसकी पत्नी का प्लॉट
13	UP/UDA/RUDR/A000000433, श्री जीवन सिंह और श्रीमती पूनम कौर, दोनों: तोता बेरिया हरिपुरा, बाजपुर, ग्रामीण, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत –262401, ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 20,51,202/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	तेह बाजपुर, यूएस नगर, पेप्सी फैक्ट्री और बद्रीपुर गांव, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 263401, सीमाबद्धः उत्तर – विजय चौधरी का घर और नरेंद्र चौधरी का घर, दक्षिण – पुराने प्रधान विचित्र सिंह का घर, पूर्व – अवतार सिंह का घर, पश्चिम – सड़क 18 फीट और प्लॉट और विक्रेता का पशु घर
14	UP/UDA/RUDR/A000000127 श्री अजय दीक्षित और श्रीमती अंजू दीक्षित, दोनों, अलौकिक वाटिका, भूरा रानी, रुद्रपुर, ग्रामीण, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 18,41,234/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	अलौकिक वाटिका कॉलोनी, भूरारानी यू एस नगर, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153, परिसीमाएं: उत्तर – जगदीप कटारिया बिल्डर का मकान नंबर ए 96, दक्षिण – हरिओम पांडे का मकान ज्योति अरोरा से खरीदा गया पूर्व– सड़क 22 फीट पश्चिम – सुमित जयसवाल का मकान
15	UP/UDA/RUDR/A000000350, श्री कुलवंत सिंह और श्रीमती कुलदीप कौर, दोनों: टुकड़ा नानकमत्ता, टुकड़ा नानकमत्ता, नानकमत्ता, ग्रामीण, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, भारत –262311 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	12-06-2025 ₹ 12,44,431/- दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	तहसील नानकमत्ता, यू एस नगर, गवर्नमेंट स्कूल खमरिया, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311, सीमाएं: उत्तर –13 फीट रोड, दक्षिण – कक्का सिंह का मकान, पूर्व – विक्रेता दलजीत सिंह का खेत, पश्चिम – कमलजीत सिंह का मकान
16	UP/ALI/MDBD/A000000139 श्री विनय कुमार सक्सैना एवं श्रीमती रजनी सक्सैना, दोनों पते: वीर शाह हजारी काठघर, 0, मोरादाबाद, सेमीअर्बन, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत –244001 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 41,38,323/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1/55/5, वार्ड नं. 1, गुलाब बड़ी मार्ग, वीरशाह हजारी, कटघर, विश्व हिंदू परिषद कार्यालय, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, 244001 में स्थित मकान, सीमाएं: उत्तर – बलदेव सिंह का मकान, दक्षिण –14 फीट चौड़ी रोड, पूर्व – गंगा प्रसाद का मकान, पश्चिम –5 फीट गली
17	UP/HDW/HDWN/A000000398 श्री नितिन शुक्ला और श्रीमती नीतू शुक्ला, दोनों, कालिंदी अपार्टमेंट काशीपुर रोड सामिया लेक सिटी रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 18,82,597/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खाता नं. 472, खसरा नं. 251 मिन, पाम ग्रीन, ग्राम–कोलारा, दानपुर, रुद्रपुर, यूएसनगर, उत्तराखंड 263153, पाम ग्रीन, ग्राम–कोलारा, दानपुर, रुद्रपुर, यूएसनगर, उत्तराखंड 263153, पाम ग्रीन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153, सीमाएं: उत्तर – इंदु अरोड़ा का प्लॉट, दक्षिण –भूमि शुभ चौधरी, पूर्व–अन्य प्लॉट, पश्चिम–9.14 मीटर रोड
18	UP/HDW/HDWN/A000000606 श्री इवने अली और श्रीमती गुलशन जहां, दोनों, वार्ड नंबर 5 पुरानी टंकी वाल रोड, 0, रिस्तमनगर गदरपुर उधम सिंह नगर, ग्रामीण, गदरपुर, उत्तराखंड, भारत –263152 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 25,50,206/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खतौनी/खसरा 390, एनए, वार्ड नं. 10 पुराना वार्ड नं. 8 गदरपुर, ग्राम बाराखेड़ा, यूएस नगर, नवयुग विद्या मंदिर स्कूल और बाजार वाली मंदिर, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153, सीमाएं: उत्तर – मकान इंतकाब हुसैन विक्रेता के अंकल, दक्षिण –विक्रेता का अन्य प्लॉट, पूर्व –सड़क 16 फीट, पश्चिम –विक्रेता की उसी संपत्ति का शेष भाग
19	UP/HDW/HDWN/A000000754 श्री आशीष पांडे और श्रीमती पूनम पांडे, दोनों: भगवानपुर जयसिंह, बच्चीनगर नंबर 2, धुनी नंबर 2, सेमीअर्बन, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत –263139 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 9,54,052/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा संख्या 197 मिन, बच्चीनगर, कटगरिया, श्री हरि दुर्गा बैंक्वेट हॉल के पास, हल्द्वानी, उत्तराखंड, 263139, बच्चीनगर, श्री हरि दुर्गा बैंक्वेट हॉल के पास, सेमीअर्बन, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत –263139, सीमाएं: उत्तर –15 फीट रोड, दक्षिण –मनोज का प्लॉट, पूर्व –नरेंद्र का प्लॉट, पश्चिम –गुले+अन्य की संपत्ति
20	UP/HDW/KSHP/A000000035 श्री अनिल कुमार और श्रीमती सविता रानी, दोनों: मधु बन नगर लक्ष्मी पुर पट्टी काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 13,74,690/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खसरा नं. 163 मिनट, गायत्री निवास, मधुवन नगर, लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244713, मधुवन नगर, लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर, यू.एस. नगर, उत्तराखंड, कॉर्बेट होटल, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, सीमाएं: उत्तर –रमेश चंद्र वर्मा की संपत्ति, दक्षिण –अन्य संपत्ति, पूर्व –सड़क, पश्चिम–अन्य संपत्ति
21	UP/HDW/KSHP/A000000260, श्री हरिओम सिंह और श्रीमती आकांक्षा देवी, दोनों: बैरमपुर बहादुर नगर, ठाकुरद्वारा, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244601 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 24,77,100/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 9/3 मिन, एनए, ग्राम ढकिया गुलाबो, भव्य विहार, कविनगर, यू.एस. नगर, कविनगर, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, सीमाएं: उत्तर – अन्य का मकान, दक्षिण – कंचन कौर (विक्रेता) की भूमि, पूर्व – अन्य संपत्ति, पूर्व –20 फीट रोड
22	UP/HDW/KSHP/A000000282, श्री इस्लाम अली और श्रीमती मेहनाज बी, दोनों: घोसीपुरा कलां पोस्ट रहमतगंज, सुअर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244924 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 20,59,859/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं. 567, खसरा नं. 336/1 मिन, पट्टी कलां, घोसीपुरा, सुल्तानपुर, एसयूएआर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244924, सीमाएं: उत्तर – अन्य संपत्ति, दक्षिण –16 फीट रोड, पूर्व – मोहम्मद असलम की संपत्ति, पश्चिम – यामीन की संपत्ति
23	UP/HDW/KSHP/A000000449 श्री ऋषभ शर्मा वार्ड नंबर 14 टांडा उज्जैन, 0, टांडा उज्जैन, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत –244713 श्रीमती लीला ओझा फतेहउल्लागंज, 0, फतेहउल्लागंज, सेमीअर्बन, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत –244001 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 17,47,253/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 200 मिन, एनए, गांव धीमरखेड़ा, दरियाल रोड, यूएस नगर, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, सीमाएं: उत्तर–विक्रेता का मकान, दक्षिण –20 फीट रोड, पूर्व–20 फीट रोड, पश्चिम–खाली प्लॉट
24	UP/HDW/KTMA/A000000041, श्री भागीरथ भागीरथ और श्रीमती ममता देवी, दोनों: दियोघी दयोरी नानकमत्ता सितारगंज, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत –262311 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 16,44,132/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं.–00029, खेत नं.–116/1, गांव–अस्त–बिदोरा, तहसील–सितारगंज, जिला,–उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311, गांव–अस्त–बिदोरा पचपेरा, तहसील–सितारगंज, जिला, –उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311, इंडियन पेट्रोल पंप, उदमसिंह नगर, उत्तराखंड, 262311, सीमाएं: उत्तर–जसवंत का घर सिंह, साउथ–सी.सी. सड़क, बलवीर सिंह के पूर्व–खेत, पश्चिम–सड़क
25	UP/HDW/KTMA/A000000110, श्री परजिंदर सिंह और श्रीमती सोमा देवी, दोनों: बिडोरा मझोला, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत –262405 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 19,05,422/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं. 94, एनए, ग्राम बिदौरा, उपतहसील नानकमत्ता, यू.एस.नगर, गुरुद्वारा किला साहब, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, सीमा इस प्रकार हैरू उत्तर – रणजीत सिंह (विक्रेता) की भूमि, दक्षिण – रणजीत सिंह (विक्रेता) की भूमि – पूर्व – रणजीत सिंह (विक्रेता) की भूमि, पश्चिम –15 फीट सड़क और रणजीत सिंह (विक्रेता) का घर
26	UP/HDW/RDRP/A000000319 श्री शुभम कुमार और श्रीमती सुशीला देवी, दोनों: फौजी मटकोटा भूरारानी रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 12,93,982/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खेत नं. 2/2 मिन, शांति विहार, भूरारानी रोड, रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, शांति विहार, भूरारानी रोड, रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, शांति विहार, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153, सीमाएं: उत्तर –रवींद्र कुमार का प्लॉट, दक्षिण –हरेंद्र चौधरी का घर, पूर्व –आर्य जी का प्लॉट, पश्चिम –सड़क
27	UP/HDW/RDRP/A000000324 श्री मोहम्मद उस्मान और श्री तौफिक अहमद दोनों: वार्ड नं. 5 मोहल्ला अगलगा सौर रामपुर, सौर सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत –244924 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 11,04,456/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खसरा नं. 655 मिन, ग्राम–महेशपुरा, दौराहा, बाजपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 262401, ग्राम–महेशपुरा, दौराहा, बाजपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, दोराहा पुलिस स्टेशन, बाजपुर, उत्तराखंड, 262401, सीमाएं:, उत्तर –अन्य संपत्ति, दक्षिण –सड़क, पूर्व –विक्रम सिंह की संपत्ति, पश्चिम –सड़क
28	UP/HDW/RDRP/A000000327 श्री जसवन्त सिंह और श्री ममता देवी, दोनों: वार्ड नंबर 2 आजाद नगर ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत –263153 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 10,14,271/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खेत नं. 55 मिन, प्लॉट नं. 12, बजरंग विहार कॉलोनी, फुलसुंगी, रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, बजरंग विहार कॉलोनी, फुलसुंगी, रुद्रपुर, यूएसनगर, बजरंग विहार, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153, सीमाएं: उत्तर – अन्य संपत्ति, दक्षिण – प्लॉट नं. 13, पूर्व – रोड, पश्चिम – अन्य संपत्ति
29	UP/HDW/STGJ/A000000134 श्री बब्बू बब्बू और श्री किश्वरी किश्वरी, दोनों: इस्लाम नगर वार्ड नंबर 3 सितारगंज, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत –262405 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 9,62,283/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	1, खाता नं. 193, खसरा नं. 457 मिन, वार्ड नं. 3, इस्लाम नगर, सितारगंज, पुलिस स्टेशन, उत्तरी–सितारगंज, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 262405, वार्ड नं. 3, इस्लाम नगर, सितारगंज, पुलिस थानाउत्तर –सितारगंज, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, महिंद्रा एजेंसी, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, सीमाएं: उत्तर –अन्य संपत्ति, दक्षिण–सड़क, पूर्व–सड़क, पश्चिम–नजमा का घर
30	UP/UDA/JSHP/A000000099 श्री लक्ष्मी चंद और श्रीमती रेनू देवी, दोनों पते: 734 कचनाल गाजी, 00, मानपुर काशीपुर, काशीपुर, ग्रामीण, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत –244713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 9,97,508/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 306 मिन, एनए, कचनाल गाजी, मानपुर रोड, यूएस नगर, पावर हाउस, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, परिसीमाएं: उत्तर –20 फीट रोड, दक्षिण –अन्य संपत्ति, दीपक यादव के पूर्व –एच, पश्चिम –अन्य संपत्ति
31	UP/UDA/RUDR/A000000021 श्री वीर सिंह एवं श्रीमती कौशल्या कौर, दोनों पते: विडोरा मझोला सितारगंज, विडोरा मझोला, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत –262405 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 03-06-2025	09-06-2025 ₹ 20,45,451/- दिनांक 09.06.2025 तक ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता संख्या 57, एनए, ग्राम बिदौरा, बिदौरी बिदौरा, उपतहसील–नानकमत्ता, गुरुद्वारा, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405, सीमाएं: उत्तर –14 फीट रोड, दक्षिण – संजय सिंह का घर, पूर्व – जरनैल सिंह (विक्रेता) की संपत्ति पश्चिम –13 फीट रोड

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 18-06-2025, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पुलिया, कलवर्ट व नालों की सफाई हो जल्द

ब्लैक स्पॉटों में किए जाएं सुरक्षात्मक कार्य, एडीएम ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

अमृत विचारः अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि वर्षाकाल प्रारंभ हो गया है, इसलिए सभी पुलिया, कलवर्ट एवं नालों व नालियों की पूरी तरीके से सफाई करा लें। साथ ही ब्लैक स्पॉटों में सुरक्षात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सुरक्षा उपाय के साथ ही स्पीड लिमिट, साइनेज लगाने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग व लोनिवि के अधिकारियों को दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी ने बैठक की। इस दौरान सड़क महकमों व परिवहन अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 13 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये थे, जिसमें से 12 ब्लैक स्पॉटों में सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। एक ब्लैक स्पॉट चारूबेटा में है जो एनएच हल्द्वानी खंड के कार्य क्षेत्र में आता है। एनएच हल्द्वानी ने सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। उन्होंने खतरनाक कटो को बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क के कटो, मोड़, डायवर्जनों पर कैटआई, साइनेज, रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशे में वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल प्रयोग व भार वाहनों में यात्रियों को परिवहन करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए नियमित प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश एआरटीओ, पुलिस को दिए। उन्होंने सड़क मार्गों में यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, यूनिपोल, होर्डिंग हटवाने के निर्देश सड़क महकमों व नगर निकायों को दिए। शहरी क्षेत्रों के राष्ट्रीय राजमार्गों, नगर निकायों के सड़कों, चौराहों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने व खराब लाईटों को शीघ्र बदलने व मरम्मत करने के निर्देश दिए।

गाबा चौक से डीडी चौक तक अतिक्रमण चिह्नित करने के निर्देश

रुद्रपुर :अपर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत रुद्रपुर शहर में गाबा चौक से डीडी चौक (काशीपुर बाईपास) मार्ग का चौड़ीकरण के लिए शीघ्र अतिक्रमण चिन्हिकरण करने ने निर्देश लोनिवि को दिए। उन्होंने कहा कि लोनिवि अतिक्रमण चिन्हिकरण कर सूची उपलब्ध कराएं। ताकि नगर निगम व प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि रोड चौड़ीकरण में विद्युत, जल संस्थान के साथ ही गैस पाईप लाईन व फाइबर केबिल लाईनों की शिफ्टिंग भी साथ-साथ की जाएगी। इसलिए सभी अपनी कार्ययोजना बना लें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० नैनीताल

E-Mail : eepdpwdntl@gmail.com

UTTARAKHAND — उत्तराखण्ड शासन

पत्रांक : 1289/17 एम०जी० — दिनांक : 11-06-2025

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 25.06.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.06.2025 से 24.06.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयो से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1- अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो०नि०वि०, नैनीताल। 2- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० नैनीताल। 3- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० नैनीताल। 4- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० रुद्रपुर।

क्र० सं०	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू० में) जो कि अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख० लो०नि०वि०, नैनीताल के नाम बंधक हो	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में)	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल में पी०एम०जी०एस०वाई० द्वारा हस्तानान्तरित कैंची से हरतपा मोटर मार्ग (लम्बाई 7.280 किमी0) के one time maintenance का कार्य (के अन्तर्गत शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग के किमी० 2 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य।) (अवशेष कार्य)	33500.00	1500.00+ 18% GST	60 दिन	03 माह	लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उससे ऊपर
2	अनुरक्षण मद 2025-26 के अन्तर्गत भवाली - नैनीताल - टांकी - किलवरी - पंगोट मोटर मार्ग (एस०एच०-63) के किमी० 02 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य।	20000.00	1000.00+ 18% GST	60 दिन	02 माह	लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उससे ऊपर

निविदा दिनांक 25.06.2025 को साय 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा हेतु अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
नैनीताल

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन : (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318

पत्रांकः 2129 / वि०वि०ख०ग्रा०(ह०) / — दिनांक : 18/06/2025

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, आयकर में पंजीकृत एवं विद्युत सुरक्षा निदेशालय में "ए" श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी, प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मों से निम्न कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें निर्धारित निविदा प्रारूप पर निविदा खुलने की तिथि को समय 3.00 अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर राशि जो एफ०डी०आर० / सी०डी०आर० / एन०एस०सी० के रूप में होगी एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) के पदनाम प्रतिभूत होगी एवं आयकर एवं जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाणपत्र, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पंजीयन एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र। निविदा के भाग-2 निविदा की वैधता (रू० 10 के स्टाम्प पेपर पर) एवं दरें होंगी। सशर्त एवं बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगीं। निविदा सम्बन्धी विवरण क्रमानुसार पढ़ा जाय- क्रम सं०, कार्य का विवरण, धरोहर राशि, आपूर्ति का समय, निविदा सं० एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क जी०एस०टी० सहित।

1. अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत टी०पी० नगर उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान, टी०पी० नगर हेतु वासर सैट एवं सिलिका जैल की आपूर्ति का कार्य, रू० 9500.00, पैतालीस दिन (45 दिन), 18/2025-26, रू० 295.00 (कर सहित)।

निविदा प्रपत्र, इस कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 10-07-2025 तक निविदा प्रपत्र की कीमत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के खुलने की तिथि 11-07-2025 नियत की जाती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में प्राप्त एवं खोली जायेगी।

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity Bill Online 24x7 from www. upcl.org"
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
"राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं"

अधिशासी अधिशासी

चीनी मिल के श्रमिकों में आक्रोश

बाजपुर : वेतन कटौती के आदेशों होने की जानकारी से सहकारी चीनी मिल के श्रमिकों में आक्रोश फैल गया है। आक्रोशित श्रमिकों ने मिल गेट पर प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान किसी भी कीमत पर वेतन कटौती स्वीकार नहीं करने की बात कहते हुए रोजाना सायं पांच बजे मिल गेट पर संगठित हो सांकेतिक प्रदर्शन का ऐलान किया है। चीनी श्रमिक संघ बाजपुर से जुड़े कर्मकार बुधवार की सायं पांच बजे मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और वेतन कटौती से संबंधित आदेश जारी होने की जानकारी पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन एवं नारेबाजी की। उनका कहना था कि कर्मकार पिछले करीब साढ़े चार माह से वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं और भारी आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। श्रमिक नेता श्याम कार्तिक ने कहा कि फरवरी माह में न्यायालय के आदेश के पश्चात हमारा वेतन रोका गया है, जिसे आज साढ़े चार माह का समय हो गया है और अभी तक उन्हें वेतन नहीं दिया गया। इस मौके पर बासवानंद जोशी, गुरमीत सिंह सीटू, नंदकिशोर, दिनेश, राहुल कुमार, कुलदीप सिंह, सानू कुमार, मोहनीश शर्मा, सचिन, जुबैर अली, योगेश, रौनिक, भूपेंद्र, संजय, राहुल, दान सिंह मौजूद रहे।

पासपोर्ट आवेदकों के लिये तीन दिवसीय कैंप शुरू

काशीपुरः विदेश मंत्रालय के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून की ओर से पासपोर्ट आवेदकों को उनके घर के पास ही पासपोर्ट सेवा देने के उद्देश्य से काशीपुर ब्लॉक कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय कैंप शुरू हो गया। पहले दिन पासपोर्ट से संबंधित 45 लोगों ने अपने आवेदन जमा किए। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी देहरादून की ओर से ब्लॉक परिसर काशीपुर में 18, 19 व 20 जून को पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप लगाया जा रहा है। कैंप संचालन के लिए उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस कैंप में नए और पुनर्निर्गमन श्रेणी के ऑनलाइन भरे गए पासपोर्ट आवेदन को स्वीकार किया जाएगा। कैंप में तत्काल श्रेणी, पीसीसी के लिए आवेदन तथा किसी अन्य कारण अथवा दस्तावेज की कमी के कारण पहले से रुके आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरकर निर्धारित शुल्क जमा कर पासपोर्ट मोबाइल वैन के लिए काशीपुर ब्लॉक परिसर ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड 244713 के लिए अपॉइंटमेंट लेना होगा।

रुद्रपुर क्षेत्र में दो बाइकें चोरी

रुद्रपुरः आवास विकास पुलिस चौकी को चुनौती देते हुए ऑटो लिफ्टर गिरोह ने दो बाइक चोरी कर ली हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वार्ड-चार भदईपुरा निवासी शिशुपाल यादव ने बताया कि 7 जून की रात्रि 9 बजे वह अपनी पत्नी के साथ वैवाहिक समारोह में डीडी चौक स्थित मैरिज हॉल गया और अपनी बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद जब लौट गया तो बाइक गायब थी। इसके अलावा रामपुर यूपी निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह आवास विकास स्थित होली चौक पर किराए के मकान में रहता है और 14 जून की शाम चार बजे उसने अपनी बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

विशेष स्वच्छता अभियान 22 को स्वच्छता संकल्प से होगी शुरुआत

रुद्रपुरः उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के कार्यपालक अध्यक्ष के दिशा-निर्देशानुसार 22 जून को राज्यभर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान सुबह 7 बजे से अगले तीन घंटों तक चलेगा, जिसकी शुरुआत स्वच्छता संकल्प से की जाएगी। इसके बाद सभी प्रतिभागी श्रमदान कर स्थानीय क्षेत्रों से कूड़ा-कचरा एकत्र करेंगे। बुधवार को सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर योगेंद्र कुमार सागर ने बताया कि स्वच्छता अभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), तालुका विधिक सेवा समितियों (टीएलएससी), जिला न्यायालय, जिला प्रशासन, बार संघों, पैनल अधिवक्ताओं और अन्य संबंधित विभागों एवं संगठनों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों, सरकारी विभागों, कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लें और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करें।

पत्नी से झगड़े के बाद श्रमिक ने लगाई फांसी

संवाददाता, रुद्रपुर

- मामूली बात को लेकर अक्सर होता था पत्नी से विवाद
- खाना बनाते वक्त बिगड़ी पल्लेदार की हालत, मौत

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में जहां पत्नी से हुए झगड़े के बाद एक श्रमिक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वहीं खाना बनाते वक्त एक पल्लेदार की हालत बिगड़ी और डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप जगतपुरा निवासी 40 वर्षीय राजू दिहाड़ी मजदूरी करता था और परिवार के साथ रहता था। बताया कि अक्सर दंपती के बीच मामूली बात पर विवाद होता रहता था। बुधवार की सुबह राजू का अपने पति से विवाद हुआ और उसके बाद वह घर से बाहर चली गई। इसके बाद मजदूर राजू ने चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। थोड़ी देर बाद जब उसकी पत्नी लौटी तो श्रमिक फंदे पर लटका हुआ मिला। दूसरी घटना में थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को खबर मिली कि गांव भौआ नगला हाफिजगंज बरेली निवासी 23 वर्षीय अंशुमन गंगवार उर्फ अंशु की खाना बनाते वक्त हालत बिगड़ गई और आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पता चला कि राजू ट्रांसपोर्ट कंपनी में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है और सुबह के वक्त भी पत्नी से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली गायनेकोलॉजी विभाग से हुए थे रिटायर्ड, ट्रेजरी कर्मी बनकर दिया झांसा, साइबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

32.13 लाख की ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड संयुक्त निदेशक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जनपद नैनीताल के रहने वाले रिटायर्ड संयुक्त निदेशक गायनेकोलॉजी के साथ 32.13 लाख रुपये की साइबर ठगी होने का मामला सामने आया है। बताया कि अज्ञात कॉलर ने खुद को ट्रेजरी कर्मी बताकर झांसा दिया। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

जेकेपुरम ब्लॉक एफ छोटी मुखानी नैनीताल निवासी शरदिंदु शाह ने बताया कि वह 31 दिसंबर 2024 को संयुक्त निदेशक गायनोकॉलोजी विभाग बरेली से रिटायर्ड हुए थे। जनवरी 2025 से उनकी पेंशन प्रारंभ हुई थी।

जिसका खाता पीएनबी बैंक में था। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को ट्रेजरी का कर्मचारी बता रहा था।

उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी होने के कारण पेंशन नहीं आई थी, लेकिन ऑनलाइन ही पुनःखाता प्रारंभ हो जाएगा। 21 अप्रैल से 9 जून तक 27 ट्रांजेक्शन के माध्यम से खाते से 32.13 लाख की धनराशि कंप्यूटर संसाधनों से निकाली गई। जब बैंक जाकर पड़ताल की तो पता चला कि खाते में महज 56.67 रुपये ही शेष बचे हैं। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेंशन खाते में नहीं आई, कैसे लगी भनक

रुद्रपुर : सेवानिवृत संयुक्त निदेशक की पेंशन खाते में नहीं आई। इस बात की भनक साइबर ठग को कैसे लगी। शिकायतकर्ता का कहना था कि मार्च 2025 की पेंशन खाते में नहीं आई तो अप्रैल में शिकायतकर्ता ने पशुपालन विभाग बरेली के बाबू असलम से फोन पर वार्ता की और मार्च की पेंशन नहीं आने का जिक्र किया तो दोस्त ने बताया कि मार्च की पेंशन खाते में आ चुकी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जानबूझकर साइबर ठगों ने खाते को फ्रीज किया था। ताकि खाताधारक को कॉल करने पर वह आसानी से जवाब दे सकें।

लखनऊ चक्कर काटने का दिखाया भय

रुद्रपुर : 10 अप्रैल को जिस वक्त फर्जी ट्रेजरी कर्मी ने रिटायर्ड संयुक्त निदेशक को कॉल की और खाते में पेंशन नहीं आने का जिक्र किया। साइबर ठग ने शिकायतकर्ता को यह एहसास करा दिया था कि यदि ऑनलाइन ही खाता दुरुस्त नहीं किया तो उन्हें लखनऊ मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। इसी कारण साइबर ठग ने बार-बार दबाव बनाया कि ऑनलाइन ही खाता प्रारंभ हो जाएगा और लखनऊ आने-जाने का खर्च और समय भी बचेगा। जिसके बाद पेंशनधारक ने खाता नंबर, 16 डिजिट, एटीएम का सीवीवी के अलावा ओटीपी तक बता दिया।

रिटायर्ड कर्मी की पत्नी के उड़ा लिए लाखों रुपये

रुद्रपुर : शिकायतकर्ता का कहना था कि कालाढूंगी रोड स्थित एक बैंक में उसका व पत्नी का संयुक्त खाता था। जब खाते से लाखों रुपये निकालने की भनक लगी तो तत्काल बैंक जाकर देखा तो संयुक्त खाते से भी लाखों की रकम निकाली जा चुकी थी। संयुक्त खाते में महज 17 रुपये ही शेष बचे हुए थे। यही कारण है कि 26.38 लाख और संयुक्त खाते से छह लाख रुपये निकाले जा चुके थे।

शिकायतकर्ता रिटायर्ड कर्मी से 32.13 लाख की साइबर ठगी फर्जी ट्रेजरी कर्मी बनकर हुई है। आधुनिक तकनीक के कारण साइबर ठगों को हर किसी के खाते की जानकारी होती है, लेकिन बिना एक्सेस लिए साइबर ठग भी ठगी को अंजाम नहीं दे सकता है। यही कारण है कि ठग शिकार से इस तरह से बातचीत करते हैं कि किसी को भी संदेह नहीं होता है। पीड़ित अपने खाते का एक्सेस व जानकारी दे डालता है। 32.13 लाख की ठगी की जांच प्रारंभ हो चुकी है। साइबर टीम खातों के अलावा मोबाइल सर्विलांस खंगाल रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। **-अरुण कुमार**, प्रभारी, साइबर सेल

ट्यूबवेल पर गए मजदूर को बाघ ने बनाया निवाला

पीलीभीत से आधा दर्जन साथियों के साथ मजदूरी करने आया था जितेंद्र, पानी पीने के लिए ट्यूबवेल पर गया था

दुखद

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सीमा से लगे जादोपुर गांव में धन की रोपाई कर रहे एक मजदूर को बाघ ने उस समय निवाला बना लिया जब वह प्यास लगने पर पानी पीने ट्यूबवेल पर गया था। चीख पुकार पर लोगों के शोर मचाते पहुंचने पर मजदूर को घायल छोड़ बाघ नदी की ओर चला गया। घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जितेंद्र (फाइल फोटो)।

सीमांत ग्रामसभा जादोपुर में बुधवार की सुबह पीलीभीत तहसील बीसलपुर के ग्राम खन्ना निवासी जितेंद्र सिंह (45) पुत्र विश्राम अपने आधा दर्जन साथियों के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान जितेंद्र सिंह को पानी की प्यास लगी और वह बगल के खेत में चल रहे ट्यूबवेल पर पानी पीने गया। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मजदूर की चीख पुकार सुनकर साथी उसे बचाने के लिए शोर मचाते उस ओर दौड़े तो बाघ जितेंद्र को घायल अवस्था में छोड़कर प्रवीण नदी की ओर चला गया। खेत स्वामी जसवंत सिंह ने तत्काल सूचना वन क्षेत्र अधिकारी और पुलिस को दी। मजदूरों की सहायता से घायल को निजी वाहन से इलाज के लिए नागरिक चिकित्सालय ला रहे थे कि रास्ते में ही घायल जितेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी जीवन सिंह उप्रेती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का मौका मुआयना किया। वहीं वन कर्मचारियों को मौके पर तैनात किया गया और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की। मृतक जितेंद्र चार भाइयों में सबसे बड़ा था जबकि बहन की शादी हो चुकी है। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपमाला, दो पुत्री नेहा और अंशिका तथा दो पुत्र अनुराग सिंह और आयुष को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक जितेंद्र मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इसके चलते 13 जून को मजदूरी करने ग्राम जादोपुर पहुंचा था और हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस दौरान मौके वन दरोगा अमर सिंह, भैरव सिंह बिष्ट, जीत प्रकाश, दीपक, जयवीर, अनुज मिश्रा, चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, त्रिभुवन पलड़िया झिंगुरी राम आदि मौजूद रहे।

घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करते पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी।

संदिग्ध क्षेत्रों में कैमरा लगवातीं उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा।

गुलदार भी हो सकता है हमलावर: डीएफओ

खटीमा : पूर्वी तराई वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी ने कहा कि मृतक जितेंद्र सिंह यूपी पीलीभीत का रहने वाला है और जंगली जानवर के हमले के बाद जितेंद्र ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि घटना स्थल से पग मार्क सहित तमाम सैंपलिंग कर ली गई है। यह भी कहा कि जांच के बाद पता चल सकेगा कि हमला करने वाला कौन सा जानवर है। उन्होंने कहा कि वह बाघ और गुलदार में कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध क्षेत्रों में कैमरे लगाए जा रहे हैं। वहीं धन की रोपाई का समय है इसलिए क्षेत्र में वन विभाग की टीम गश्त करती रहेगी।

सुबह-शाम अकेले झाड़ियों की ओर न जाएं : एसडीओ

खटीमा : उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने कहा कि ग्रामीणों को सुबह और शाम के समय अकेले खेतों की न जाने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि इस समय जंगली जानवरों की आवाजाही अधिक रहती है। उन्होंने झाड़ियों और घासफूस वाले क्षेत्र में झुंड के रूप में सावधानी के साथ जाने को कहा।

वन विभाग द्वारा कार्रवाई न करने पर ग्रामीणों में रोष

खटीमा : स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विगत कई वर्षों से बाघ व तेंदुआ की क्षेत्र में चहल कदमी बनी हुई है जिसकी सूचना बार बार वन विभाग को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों दी जा रही है लेकिन वन विभाग कर्मचारियों द्वारा निगरानी करते रहने और सतर्कता बरतने की सलाह के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

मां से बिछड़े शावक की वन विभाग कर रहा देखभाल

जसपुर: पतरामपुर क्षेत्र के जंगल में एक नन्हा गुलदार (शावक) अपनी मां से बिछड़ गया। विभाग अब उसकी देखभाल में लगा है। शावक की मां को लताशने के लिए विभाग ने जंगल में ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग की पतरामपुर रेंज के मकोनिया बीट के कृपाचार्यपुर में तीन दिन पहले एक नन्हा गुलदार अपनी मां से बिछड़ गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। विभागीय टीम ने शावक को अपने कब्जे में लेकर उसे सकुशल चौकी ले आई। ताकि अन्य वन्य जीवों से उसकी जान बचाई जा सके। वन क्षेत्राधिकारी महेश सिंह बिष्ट ने बताया कि शावक की मां का अभी कुछ नहीं पता चला है। पशु चिकित्सकों के परामर्श के बाद नन्हें गुलदार को दूध और खान-पान की सामग्री दी गई। टीम लगातार शावक को जंगल में छोड़कर उसकी निगरानी कर रही है ताकि उसकी मां उसे ले जाए। इसके लिए आस-पास के क्षेत्र में ट्रैप कैमरा भी लगाए गए। उन्होंने बताया कि शावक की उम्र लगभग 20 से 25 दिन आंकी गई। मादा गुलदार कमजोर बच्चे को अधिकांश मामलों में छोड़ देती है। नन्हें शावक को कुछ दिन मकोनिया चैकी में रखे जाने की योजना है। टीम उसकी लगातार देखभाल में लगी है। शावक को कुछ दिन और बड़ा होने का इंतजार किया जा रहा है। जल्द ही नन्हें शावक को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

खटीमा के नागरिक अस्पताल में रो-रोकर बेहाल हुई मृतक की पत्नी खुशबू।

संवाददाता, खटीमा

- लेंटर की शटरिंग करने के दौरान हुआ हादसा
- एक वर्ष पहले ही हुआ था मृतक शंभू का विवाह

अमृत विचार: नगरपालिका के पकड़िया में एक निर्माणाधीन मकान के लेंटर की तैयारी में शटरिंग कर रहा एक मजदूर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। साथियों ने उसे तत्काल नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले का निवासी शंभू (30) पुत्र राम समुझ अपनी पत्नी खुशबू के साथ भूड़ में किराए के मकान में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। रोज की भांति बुधवार सुबह वह भूड़ से पकड़िया में निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने आया हुआ था। जहां मकान के लेंटर की तैयारी के तहत शटरिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसे साथी मजदूर नागरिक अस्पताल एंबुलेंस के माध्यम से लाए। जहां पर चिकित्सक ने जांच उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक डॉ. सिमरनजीत सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति करंट लगने से घायल हो गया था जिसे यहां लाया गया लेकिन उसकी पहले मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी खुशबू का रो-रो कर बुरा हाल है। एक वर्ष पहले ही शंभू का विवाह हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

चार धाम यात्रा पर निकले ज्वैलर्स की डूबकर मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: चार धाम यात्रा पर निकले ज्वैलर्स की गंगा में डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि रेस्क्यू टीम ने दो दिन की मेहनत के बाद नहर किनारे से शव को बरामद कर लिया है। ज्वैलर्स की मौत की खबर मिलते ही इलाके में शोक है।

आवास विकास स्थित ओम ज्वैलर्स के स्वामी ओम प्रकाश शर्मा 16 जून को परिवार के साथ चार धाम यात्रा पर निकले थे और शाम को उनका पड़ाव हरिद्वार हुआ। बताया जा रहा है कि ज्वैलर्स जंजीर पकड़ कर गंगा में स्नान कर रहे थे। इस बीच अचानक हाथ से जंजीर छूटने के कारण तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने काफी खोजबीन की।

18 जून को ज्वैलर्स का शव नहर किनारे पड़ा होने की खबर आवास विकास तक पहुंची। ज्वैलर्स की मौत की खबर मिलते ही आवास विकास इलाके में लोगों की घर पर आवाजाही शुरू होने लगी, लेकिन घर पर कोई नहीं होने के कारण शुभचिंतक एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन पार्थिव शरीर आने की प्रतीक्षा कर रहा है।

पार्षद के घर धावा बोलने वालों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

- पांच लोगों पर लगाया भड़काने का आरोप
- चुनावी है रंजिश, 17 जून की रात्रि की है घटना

अमृत विचार : पहाड़गंज वार्ड-15 के भाजपा पार्षद के घर पर धावा बोलने के प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पार्षद का आरोप था कि नामजद आरोपी चुनावी रंजिश के चलते भ्रामक प्रचार कर लोगों को भड़काने का काम करते हैं और इलाके की फिजा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहाड़गंज के सत्ताधारी पार्षद नुरुद्दीन अहमद ने बताया कि वह भाजपा का निर्वाचित पार्षद है और मुस्लिम बाहुल्य इलाके से विजयी घोषित हुआ है। पिछले कुछ महीनों से चुनाव रंजिश के कारण वहां के रहने वाले फरमान सिद्दीकी, अफसर अली, असगर पाशा ठेकेदार भ्रामक प्रचार कर फिजा को खराब को करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 जून को प्रशासन ने पहाड़गंज स्थित एक मदरसा को सीज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने इलाके में लोगों को भड़काया और उस पर सीज करने का आरोप लगाया। इसके बाद आवेश में आए लोगों ने 17 जून की रात्रि पौने 10 बजे घर पर हमला बोल दिया और बार-बार परिवार को ललकारते हुए पार्षद की हत्या करने की धमकी दे रहे थे, जबकि वह 16 जून को दिल्ली गया था। धावा बोलने के बाद परिवार भयभीत है। उन्होंने बताया कि रात्रि के वक्त धावा हमला बोलने वालों में नावेद अली, तौसिफ, अब्दुल रहमान, चमन, अमन, जसीम, शराफत, तौफीक अहमद, बालम अली, कलवा ने योजनाबद्ध तरीके से आरोपियों के इशारे पर भीड़ को भड़काया और परिवार को डराया-धमकाया। सभी नामजद आरोपियों से जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्साह

केआईटीएम में चौथा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन, अमृत विचार है मीडिया पार्टनर

500 मेधावी विद्यार्थी केआईटीएम में आज होंगे सम्मानित

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: केआईटीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट द्वारा चतुर्थ सम्मान समारोह 2025 की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। आज 19 जून को सुबह 8 बजे से आयोजित छात्र सम्मान समारोह में केआइईटीएम ग्रुप व मीडिया पार्टनर अमृत विचार हल्द्वानी यूनिट के साथ खटीमा सहित आसपास के सरकारी, निजी विद्यालयों के 500 से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन शिक्षण संस्थानों का आभार व्यक्त करेंगे जिनके सानिध्य एवं देखरेख में क्षेत्र के नौनिहाल भावी भारत के उज्जवल भविष्य बनने की ललक रखेंगे।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 12वीं के होनहार नौनिहालों के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षा जगत की महान विभूतियां मार्गदर्शन करेंगे। जिसे बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। बिगराबाग बाईपास स्थित केआईटीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के एमडी कमल बिष्ट ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को डिग्रियों के साथ ही रोजगार परक शिक्षा भी दी जाए। 10,12वीं के बाद बच्चों का सही मार्गदर्शन होने पर वह स्वयं अपना भाग्य सुनिश्चित कर सकते हैं। हम उनके माध्यम बन सके तो छात्राएं अपनी मंजिल आसानी से तय कर सकते हैं। कार्यक्रम में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, अजय कुमार सक्सेना यूनिट हेड अमृत विचार हल्द्वानी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस. रावत, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप आदि मौजूद रहेंगे। सम्मान समारोह में हिंद पब्लिक स्कूल, ट्रेफोर्ड पब्लिक स्कूल, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, खीमा बिष्ट एसएम इंटर कॉलेज, रामकुमार अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नोजगे पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल, सिटी कान्वेंट स्कूल सहित अन्य सरकारी व निजी विद्यालयों के बच्चे प्रतिभा करेंगे।

नोट– जिन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ हैं। वह आज कॉलेज में आकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP BAREILLY
Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए । धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए ।

संपादकीय

नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल-ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

> दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटेलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलेंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाइन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एफ-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

प्रसंगवश

बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुज़ुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।

भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

सोशल फोरम

वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल खुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना

प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

> कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

एक नजर

युवती से दस हजार की ऑनलाइन ठगी

बाजपुर : अनजान व्यक्ति ने एक युवती को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाते हुए उससे 10 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नमूना दूधिया कॉलोनी निवासी मोनिका पुत्री बबलू ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अमरनाथ में काम करने गए हुए हैं, जोकि उसे ऑनलाइन पैसे भेजते रहते हैं। 16 जून की शाम करीब पांच बजे अनजान नंबर से काल आई। कालर ने उसे कहा कि आपके पापा ने इस नंबर पर 33 हजार रुपये ऑनलाइन डलवाए हैं जिसका मैसेज भी उसके फोन में आया था। आरोपी ने कहा कि उसे 23 हजार रुपये ट्रांसफर करने थे, लेकिन गलती से 33 हजार ऑनलाइन कर दिए हैं जिसके चलते 10 हजार रुपये ज्यादा चले गए हैं, जिसके चलते पीड़िता ने आरोपी द्वारा उपलब्ध करवाए गए स्केनर पर 10 हजार रुपये वापस ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि आरोपी ने उसके खाते में कोई पैसा भेजा ही नहीं था। गलत व बनाया हुआ मैसेज उसे भेजकर 10 हजार रुपये हड़प लिए हैं। आरोपी से बात करने की कोशिश की तो वह नंबर नहीं उठा रहा है। वहीं खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

अब सफाई कर्मी सुबह 5 से 10 बजे तक करेंगे काम

महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए निर्देश, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी को देखते हुए सफाई कर्मियों के लिए काम की शिफ्ट का समय बदलने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने महापौर विकास शर्मा को ज्ञापन सौंपकर राहत देने की मांग की। जिस पर महापौर ने सफाई कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए काम की शिफ्ट सुबह 5 बजे से 10 बजे तक करने के निर्देश दिए।

पिछले दिनों राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने भी शहरी विकास निदेशालय से सफाई कर्मचारियों की एक पारी सुबह 5 बजे से 10 बजे तक निर्धारित करने का अनुरोध किया था, ताकि सफाई कर्मियों को गर्मी से राहत मिल सके। इसको लेकर बुधवार को देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर विकास शर्मा के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए भीषण गर्मी को देखते हुए सफाई कर्मियों को राहत दिलाने की मांग की। जिस पर महापौर ने सफाई कर्मियों के हित में सफाई के लिए सुबह की पारी 5 बजे से 10 बजे तक और शाम को 5 बजे से 7 बजे तक करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। इस दौरान महापौर ने कहा कि सफाई कर्मी नगर निगम परिवार का हिस्सा हैं और उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, संदीप आजाद, संदीप आजाद, सूरज आजाद, राजपाल, मुकेश भगत समेत कई सफाई कर्मी मौजूद थे।

महापौर को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

काशीपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

गर्मियों में पर्यावरण मित्रों से एक ही समय काम लेने की मांग

काशीपुर, अमृत विचार : पर्यावरण मित्रों ने गर्मियों में एक ही समय काम लिये जाने की मांग करते हुए एसडीएम और उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नगर निगम प्रशासन ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा कि शासनादेश के सापेक्ष स्थायी कर्मचारी सुबह 5 से 10 बजे तक एक ही समय कार्य करेंगे। जबकि मोहल्ला स्वच्छता समिति व आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुबह 5 से 10 बजे और शाम को 4 से 7 बजे तक सफाई कार्य करेंगे। संघ ने कहा कि ऐसा भेदभाव निगम प्रशासन द्वारा कर्मचारियों के साथ क्यों किया जा रहा है। जबकि शासनादेश में सभी पर्यावरण मित्रों के लिए नगर निगम, नगर पंचायत व नगर पालिका को आदेश किया है, कि सभी पर्यावरण मित्रों से एक ही समय कार्य लिया जाए। जिस पर संघ ने निगम प्रशासन के आदेश का विरोध करते हुए मांग पत्र मेयर दीपक बाली व उपनगर आयुक्त अभय प्रताप सिंह को सौंपा। जिसमें निगम के आदेश में संशोधन की मांग की। उपनगर आयुक्त ने संघ पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही इसमें संशोधन करके गर्मी के दौरान एक समय कार्य का आदेश जारी किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में महासचिव राजीव कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार, रिंकू कुमार, अमित टांक, अभिषेक सोनू, तुषार, पारुल, सीमा, अरुण, अमित के अलावा आउटसोर्सिंग व मोहल्ला समिति कर्मचारी शामिल रहे।

सार-संक्षेप

सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण किया

काशीपुर : राधेहरि महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण करने के लिए बुधवार को सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जगदम्बा प्रसाद पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्र की संचालन प्रणाली एवं समुचित व्यवस्था के लिए परीक्षा केंद्र समन्वयक एवं पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से इग्नू में जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 है। बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए स्नातक स्तर के अनेक कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत शुल्क मुक्त की सुविधा दी गई है।

पालिका खुले नाले के चारों ओर लगाएगी रेलिंग

जसपुर, अमृत विचार : व्यापारियों की मांग पर नगर पालिका प्रशासन बाजार में एक खुले नाले के चारों ओर रेलिंग लगाएगा। नगर पालिकाध्यक्ष ने स्थलीय निरीक्षण कर जेसीबी से नाले की सफाई कराई। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह के नेतृत्व में बुधवार को व्यापारी सब्जी मंडी चौक पर एकत्र हुए। उन्होंने यहां नगर पालिकाध्यक्ष मो .नौशाद सम्राट को बुलाकर कहा कि पालिका प्रशासन ने नाले की इतनी जगह को अतिक्रमणमुक्त तो किया लेकिन नाले को खुला छोड़कर दुर्घटना को दावत दी है। व्यापारियों ने बताया कि इस वक्त बरसात का मौसम चल रहा है। कूड़ा-करकट से नाला पटा पड़ा है।

डंपर ने बारात की बस को टक्कर मारी

बाजपुर : खनन सामग्री से लदे डंपर ने बारात की बस को टक्कर मार दी। जिसमें बस का एक साइड का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस सड़क किनारे खड़ी थी और उसमें बराती सवार थे। हादसे के बाद लोगों ने आरोपी चालक को कुछ दूर जाकर डंपर छोड़कर भाग गया। लोगों ने क्लीनर को पकड़ लिया जिससे बरातियों की बहसबाजी भी हुई। मंगलवार की देर रात हल्द्वानी से बाजपुर में बरात आई थी। बुधवार की तड़के साढ़े 4 बजे बरातियों की बस वापस लौट रही थी। बताया जाता है कि मुख्यमार्ग पर भगत सिंह चौक के निकट बस सड़क किनारे खड़ी करके चालक बरातियों के आने का इंतजार कर रहा था, जबकि कुछ बराती बस में सवार थे।

जसपुर में सहायक अभियंता को ज्ञापन देते विद्युत उपभोक्ता।

नगर पंचायत महुआडाबरा में कैश काउंटर खोलने की मांग

जसपुर : विद्युत उपभोक्ताओं ने नगर पंचायत महुआडाबरा और गढ़ीनेगी में विद्युत ऑनलाइन कैश काउंटर खोले जाने की मांग की। उन्होंने ऊर्जा निगम की सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। भाजपा के नगर मंडल उपाध्यक्ष दीपक कुमार राणा के नेतृत्व में विद्युत उपभोक्ता ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां सहायक अभियंता दिव्या पांडे को बताया कि विद्युत बिल भुगतान के लिए केवल जसपुर खंड कार्यालय में ही ऑनलाइन कैश काउंटर की सुविधा है जबकि आसपास के गांव के उपभोक्ताओं को बिल भुगतान के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इससे या तो बिल भुगतान समय पर नहीं होता या फिर कुछ उपभोक्ता ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। कम दूरी पर बिल भुगतान की सुविधा से विभाग को अधिक कलेक्शन तो प्राप्त होगा साथ ही उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। उन्होंने नगर पंचायत महुआडाबरा एवं गढ़ीनेगी में ऑनलाइन कैश काउंटर खोले जाने की मांग की। इस मौके पर अनिकेत जोशी, अभिषेक गोस्वामी, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

निर्माण कार्य का निरीक्षण करते जिला निर्माण निगरानी समिति के सदस्य राजेश कुमार।

पीजी व साइंस ब्लॉक के निर्माण का निरीक्षण किया

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत भेजे गए पीजी ब्लॉक, साइंस ब्लॉक, कामर्स ब्लॉक के निर्माण के लिए वर्ष 2018 के प्रोजेक्ट को वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय द्वारा 19 करोड़ 6 लाख रुपये से कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की कार्यदाई संस्था पेयजल निर्माण निगम है। बुधवार को जिला निर्माण निगरानी समिति के सदस्य भाजपा नेता राजेश कुमार ने महाविद्यालय में निर्मित हो रहे कार्य की प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। बताया गया कि इस कार्य को ओम कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर राजेश कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सांसद अजय भट्ट की पैरवी के साथ ही डबल इंजन की सरकार का लाभ मिला है, जोकि यह बहुत बड़ा कार्य है और इसी को डबल इंजन की सरकार का लाभ कहते हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कैंपस होंगे एवं उनका शिक्षा का एक बेहतरीन माहौल मिलेगा। इस दौरान कार्यकारी प्राचार्या डॉ. मनुहार आर्य व इस कार्य को देख रहे प्राध्यापक आदर्श सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष मयंक दिवाकर, प्रिंस यादव, अर्जुन सिंह बिष्ट, विशाल, सुहेल, रितेश आदि मौजूद रहे।

आरओबी की सर्विस लाइन पर बना गड्ढा, खतरा

काशीपुर : आरओबी की सर्विस लाइन पर गड्ढा होने से बड़े वाहनों के पलटने का खतरा बना हुआ है। बताया जा रहा है कि गड्ढे की वजह से सर्विस रोड से भारी वाहन जोखिम उठा कर गुजर रहे हैं। अभी तक गड्ढे को ठीक नहीं किया जा सका है। नगर निगम प्रशासन ने मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए रामनगर रोड पर नालों के स्लैब हटवाए थे। बीती मंगलवार की देर रात रामनगर रोड पर आरओबी के मुहाने के पास ही सड़क का एक बड़ा हिस्सा भारी वाहनों की आवाजाही से धंस गया है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि बीते दिनों निगम प्रशासन ने नालों के ऊपर पड़े स्लैब हटवाए थे। रात के समय भारी वाहनों के दबाव पड़ने से आरओबी के पास सड़क का हिस्सा धंसने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। हालांकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो इसको लेकर पुलिस ने गड्ढे के चारों और बैरिकेडिंग कर दी है।

सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

सीसी टाइल्स रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास

बाजपुर : नगरपालिका परिषद बाजपुर के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बुधवार को नगर के वार्ड नंबर-आठ मोहल्ला सुभाषनगर में करीब 150 मीटर सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर किया। इस दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा कि बाजपुर नगर का चहुमुखी विकास ही उनका मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान वार्डवासियों ने फूलमालाएं पहनाकर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते एवं सभासद पति मुकुंद शुक्ला को सम्मानित किया। इस मौके पर विशेष चंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, रामाशंकर, भैरव सिंह बोरा, उमाकांत शुक्ला, वाजिद अली, जयदीप शुक्ला, किंदर सिंह, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

भगवान चंद्रदेव का प्रकटोत्सव मनाया

भगवान चंद्रदेव की पूजा अर्चना करते पूर्व विधायक ठुकराल व अन्य।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : श्री भुर्जी समाज कल्याण समिति की ओर से भगवान चंद्रदेव जी महाराज के प्रकटोत्सव पर पूजा अर्चना की और नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कार्यक्रम में पहुंचकर चंद्रदेव जी महाराम को नमन किया और सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्र, उपाध्यक्ष रोशन लाल चंद्रा, सचिव राजीव कुमार चंद्र, विजय पाल चंद्र, वीरेन्द्र कुमार चंद्रा, विनोद चंद्रा, रतन लाल चंद्रा, राजेंद्र चंद्रा, राजेश चंद्रा, रमेश चंद्रा, पप्पू चंद्रा, सोमपाल चंद्रा, सत्यपाल चंद्रा, अशोक कुमार चंद्रा, राजकुमार चंद्रा, मनोज कुमार चंद्रा आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका के लिपिक के साथ अभद्रता एवं हाथापाई से आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : नगरपालिका के लिपिक के साथ अभद्रता एवं हाथापाई की जानकारी से पालिका कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया, जिन्होंने आरोपित पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में जमकर हंगामा किया। वहीं मौके पर मौजूद कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने किसी तरह समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया। दोनों पक्षों में आपसी समझौता होने के पश्चात पुलिस ने पूछताछ को बैठाए गए तीन युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया।

वार्ड-13 राजीवनगर निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह नगरपालिका में लिपिक के पद पर कार्यरत है। 17 जून की देर सायं करीब साढ़े 6 बजे कार्यालय में अपना कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच एक युवक ने कार्यालय में आकर बेवजह अभद्रता एवं हाथापाई शुरू कर दी। इस घटना में आरोपी के दो अन्य साथी भी शामिल हैं, जिन्हें पालिका के अंदर आजे-जाते सीसीटीवी कैमरों में देखा जा सकता है। वहीं इस घटना की जानकारी से आक्रोशित पालिका के कर्मचारी एवं स्वच्छकार बुधवार को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कोतवाली पहुंच गए और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हो-हल्ला शुरू कर दिया। इस दौरान उनकी एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल से तीखी नोंकझोंक भी हो गई। कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

बाजपुर कोतवाली में लोगों को समझाते कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी।

विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

बाजपुर : नगर पंचायत केलाखेड़ा के अंतर्गत स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे ट्रांसफार्मर फुंक गया जिससे आसपास रह रहे परिवारों में हड़कंप मच गया।

घटना के चलते नगरीय क्षेत्र की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई और भीषण गर्मी के बीच लोग बेहाल हो गए। नगर पंचायत केलाखेड़ा के अंतर्गत वार्ड-8 में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से विद्युत ट्रासफार्मर में आग लग गई जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की वजह से विद्युत फार्मसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई और नगरीय क्षेत्र के बड़े हिस्से की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई, जिसके चलते भीषण गर्मी के बीच लोग बेहाल हो उठे। सूचना पर पहुंची ऊर्जा निगम के कर्मचारियों की टीम ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर आपूर्ति को सुचारु करवाया।

फीस बकाया के नाम पर दो गरीब छात्रों के भविष्य पर संकट, प्रदर्शन

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : तहसील के ग्राम सिसौना स्थित निजी विद्यालय गोल्डन पब्लिक इंटर कॉलेज पर आरोप है कि उसने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दो विद्यार्थियों तनिल शर्मा एवं हिमांशी शर्मा को कक्षा 10 (2023) व कक्षा 12 (2025) की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद उनके अंक पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) व चरित्र प्रमाण पत्र (सी.सी.) सिर्फ इसलिए जारी नहीं किए क्योंकि उनका परिवार पूरी फीस जमा नहीं कर सका।

बताया गया कि दोनों बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई में अच्छे थे और परिवार ने अधिकांश फीस समय पर अदा की थी, परंतु वर्ष 2021 से इनकी माता की किडनी खराब हो जाने के बाद इलाज पर अत्यधिक खर्च होने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया। इसी दौरान बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई जारी रखी और बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। दुर्भाग्यवश 7 मई 2025 को मां की मृत्यु हो गई, जिससे पूरा परिवार टूट गया। 'सुलभ शिक्षा अभियान' सहित क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी सितारगंज रविंद्र कुमार जुआठा से कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में सुलभ शिक्षा अभियान सितारगंज से अधिवक्ता हरीश दुबे, तुषार शर्मा, राजन मण्डल, कमलेश मजदार, सौरभ देव, अरुण, राजेश,राम प्रकाश, तरुण, मयंक, रोहिताश ठाकुर, बबलू देव, रोहित, रोहन प्रीत सिंह, कौशल शामिल रहे।

ज्ञापन देने के बाद विरोध प्रदर्शन करते सुलभ शिक्षा अभियान के कार्यकर्ता।

काशीपुर में दोबारा गुंडाराज न पनपने दिया जाए: चीमा

● पूर्व विधायक ने कांग्रेस आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रवि पपनै पर हुए हमले की निंदा की

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कांग्रेस आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रवि पपनै पर हुए हमले की निंदा करते हुए पुलिस से जल्द अपराधियों को पकड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि काशीपुर में दोबारा गुंडाराज पनपने न दिया जाए।

बुधवार को अपने कार्यालय में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि सोमवार देर रात अज्ञात गुंडों द्वारा रवि पपनै पर किए गए जानलेवा हमले की वह निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगा हुआ था। लेकिन इस तरह का हमला एक चिंताजनक विषय है। चीमा ने कहा कि मैंने अपने समय में कभी भी किसी गुंडे के सिर पर राजसी हाथ नहीं रखा और पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को कभी भी राजनीतिक पक्षपात न करते हुए गुंडाराज को पनपने नहीं देना चाहिए।

प्रदेश सचिव पर हुए हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : कांग्रेस के आईटी सेल के प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक रवि पपनै की बेल्ट से पिटाई मामले में आईटीआई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सैनिक कालोनी काशीपुर निवासी कांग्रेस पार्टी के आईटी सेल के प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक रवि पपनै ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जून की रात करीब 11 बजे वह कृष्णा हास्पिटल के पीछे, फर्नीचर की दुकान के सामने स्लैब पर बैठ कर अपने फोन में वीडियो देख रहे थे। तभी अचानक तीन लोग उनके पीछे से नकाब पहनकर आए व उन पर हमला कर दिया। इस दौरान नकाबपोश गाली गलौज करते हुए बेल्टों से मारपीट करने लगे, जिससे उनकी आंख के ऊपर, नाक, होंठ, हाथ, पीठ व शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। पपनै ने बताया कि उन्होंने जैसे-तैसे भाग कर अपनी जान बचाई नहीं तो नकाबपोश लोग उन्हें जान से मार देते। कहा कि हमलावरों में से एक के हाथ में मोबाइल था, जिसने घटना की वीडियो बनाई। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

तैयारी | नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर की अध्यक्षता में बैठक आहूत

योग दिवस पर कार्यक्रमों को लेकर मंथन

गदरपुर नगर पालिका में बैठक करते पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर व अन्य।

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गहनता से चर्चा की गई।

बुधवार को नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 20 जून को प्रातः 9 बजे विशाल रैली निकाली जाएगी।

रैली राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर सनातन धर्म मन्दिर गदरपुर में संपन्न होगी। 21 जून को प्रातः 06:30 बजे सनातन धर्म मन्दिर में योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, राजेश गुम्बर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष दीपक बेहड़, मीडिया क्लब अध्यक्ष विकास तनेजा, थाना गदरपुर के उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, विनोद चुघ, सुबोध शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र से मुस्कान चावला, तनिषा चावला, पब्लिक हेल्प सोसाइटी से वंश अनेजा, शिवम खुराना आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

बाजपुर : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जहां पूरा विश्व योग के गुणो को मानकर योग को बढ़ावा दे रहा है और निरोग काया की इच्छा से सभी देश बहुत धूमधाम से इसकी तैयारी में लगे हुए हैं बाजपुर में भी इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए आज भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर 19 जून को शहर के मध्य स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में प्रारम्भ किया जा रहा है जिसका समापन 21 जून को होगा। बुधवार को योग शिविर की तैयारी को लेकर साधकों द्वारा अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ महिला पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी चंचल चौधरी, भारत विकास परिषद के संरक्षक कुलदीप चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बाजपुर में योग का बीड़ा उठाए हुए योग दंपती कुलदीप चौधरी व चंचल चौधरी द्वारा निशुल्क योग कक्षा में प्रशिक्षित योग साधकों द्वारा आमजन को अनेक योग अभ्यास कराये गये।

भीकमपुरी में महालक्ष्मी किट वितरित करतीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा।

शिविर में विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

बाजपुर : ग्राम भीकमपुरी में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता शिविर का शुभारंभ एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा एवं जिला निर्माण निगरानी समिति के सदस्य राजेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन पर भी चर्चा हुई। साथ ही महालक्ष्मी किट की लाभार्थी को किट वितरित की गई। राजेश कुमार ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। जल जीवन मिशन ने हर गरीब परिवार के घर तक जल पहुंचाया है। 800 से अधिक परिवारों को जनमन के तहत आवास मिले हैं। आयुष्मान योजना से गरीबों को इलाज मुफ्त में मिल रहा है। इस दौरान ब्लॉक से जल संस्थान, बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, बाजपुर आयुष विभाग, बाजपुर ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों के दर्जनों स्टाल लगाए गए। इस मौके पर डॉ.पीडी गुप्ता, नरेंद्र मेहता, हरकेश सिंह, मोहम्मद तारीख, दलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

एएनटीएफ-पुलभट्टा पुलिस ने दबोचा अफीम तस्कर

रुद्रपुर/किच्छा : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट एवं थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक अफीम का सौदागर गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके पास से एक किलो अफीम भी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। बुधवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 17 जून को एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय और थाना पुलभट्टा प्रभारी प्रदीप मिश्रा पुलिस की संयुक्त टीम नदेली रोड पुलिया बरी कट के समीप चेकिंग कर रहे थे। इस बीच बाइक सवार कटैइया इस्लामनगर जहानाबाद पीलीभीत निवासी दानिश खान पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस टीम को आरोपी के कब्जे से एक किलो अफीम बरामद हुई। जिसकी कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अफीम की खेप टांडा पीलीभीत निवासी आजम खान से लाता है और तराई-भाबर में महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर बाइक को भी सीज कर दिया है।

स्मैक के साथ एक धरा

काशीपुर : पुलिस ने एक युवक को 4.70 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान किया है।बीती देर शाम उप निरीक्षक मनोज सिंह ने टीम के साथ गश्त के दौरान डिजाइन सेंटर के पास बंद पड़ी मिल के पास से मो. रिहान उर्फ मिल्टन निवासी वार्ड नंबर 8, लक्ष्मीपुर पट्टी को 4.70 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की बाइक भी कब्जे में ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आर्म्स एक्ट में वांछित महिला वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर : आर्म्स एक्ट में चार साल से वांछित महिला वारंटी गिरफ्तार की गई। कटोराताल चौकी पुलिस ने चार साल से वांछित वारंटी मंजू वर्मा निवासी पक्काकोट को उसके घर से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी विपुल जोशी, कांस्टेबल प्रेम कनवाल व गिरीश मठपाल शामिल रहे।

पानी की 13 मोटरों के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए किसानों के खेतों से चुराई गई 13 पानी की मोटर बरामद की है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। 12 जून 2025 को मलकीत सिंह निवासी जुड़का नं. 1 कुण्डेश्वरी काशीपुर ने अपने खेत से पानी की मोटरें चोरी की सूचना पुलिस को दी थी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोविंदपुर कुंडेश्वरी निवासी गुरजीत सिंह उर्फ गित्तू और भजन सिंह को हिरासत में लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 13 पानी की मोटरें बरामद की। टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा, एसआई संतोष देवरानी, देवेंद्र सामंत, कांस्टेबल जगदीश पपनै, कांस्टेबल किशोर फर्त्याल, वीरेंद्र बिष्ट आदि शामिल थे।

अनियमितताएं मिलने पर एक मेडिकल स्टोर को बंद कराया

बाजपुर : ड्रग्स एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में तीन मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान अनियमितताएं सामने आने पर एक मेडिकल स्टोर को बंद करवाए जाने के साथ ही लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ऊधम सिंह नगर नीरज कुमार की अगुवाई में गठित संयुक्त टीम द्वारा बाजपुर क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार में बताया कि ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में स्वीकृत दवाइयों के अतिरिक्त बड़ी मात्रा में अन्य दवाइयां बिकती पाई हैं जिसके चलते औषधिकेंद्र को बंद करवाया गया। साथ ही लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई है। इसके अलावा वारसी मेडिकल एवं न्यू लाइफ मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण में भी अनेक अनियमितताएं पाई हैं।

विधिक शिविर में अधिवक्ताओं ने दीं जानकारियां

खटीमा : तहसील विधिक सेवा समिति सचिव अपर सिविल जज अमित भट्ट के आदेशानुसार पकड़िया में थाना झनकईया के उपनिरीक्षक मनोज सिंह देव की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उपनिरीक्षक देव ने उत्तराखंड की महिलाओं को गौरा शक्ति एप से सुरक्षा कवच के बारे में बताया गया। उन्होंने गुड टच, बेड टच, नशे के दुष्परिणामों के साथ ही सड़क सुरक्षा और हेलमेट लगने को कहा। पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी, कमान सिंह धामी, प्रो बोनो अधिवक्ता अब्दुल मजीद द्वारा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दुष्कर्म के मामले, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 के बारे में बताया। संचालन कर रहे आरबी सिंह राणा ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्प लाइन नंबर 15100 के बारे में बताया। इस अवसर पर मीरा देवी, माया देवी, पिंकी राणा, रमेश सिंह जीना आदि रहे।

पहाड़गंज, प्रीत विहार व फाजलपुर में 30 अवैध निर्माण ध्वस्त

जिला विकास प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग की टीम ने देर शाम तक की कार्रवाई, भारी पुलिस फोर्स देख इलाके के लोगों में मचा हड़कंप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः जिला विकास प्राधिकरण एवं राजस्व टीम की कार्रवाई निरंतर जारी है। जिसके चलते भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक अमले ने शहर की तीन इलाकों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जिससे मकान स्वामियों में हड़कंप मच गया। अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही।

बुधवार को एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटोला सहित कई थानों की पुलिस फोर्स सबसे पहले प्रीत विहार कॉलोनी पहुंची। जहां तीन जेसीबी मशीनों के जरिए प्रशासन ने एक भवन, दो चारदीवारी को ध्वस्त किया गया। इसके साथ टीम आगे बढ़ती गई और फाजलपुर महरौला और पहाड़गंज पहुंची। यहां भी प्रशासन के पीले पंजे ने चिह्नित 25 से 30 छोटे-बड़े अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और प्रशासन की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही।

अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान तैनात भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

दस्तावेज देखते एसडीएम। ● अमृत विचार

पहाड़गंज में लाल निशान लगाती टीम। ● अमृत विचार

एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि ध्वस्त हुए छोटे-बड़े मकान व चारदीवारी प्राधिकरण से पास नहीं थी और निर्माण कार्य नियमों के विरुद्ध था। जबकि कई इलाकों में अदालत का स्थगन आदेश है। किसी भी सूरत में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं होगा और प्राधिकरण एवं राजस्व की कार्रवाई जारी रहेगी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

पहाड़गंज में लाल निशान लगने से लोगों में मची खलबली

रुद्रपुर : पहाड़गंज, प्रीत विहार, फाजलपुर में एक ओर जिला विकास प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग की टीम की कार्रवाई चलती रही। वहीं दूसरी ओर टीम ने पहाड़गंज में कई मकानों में लाल निशान भी लगाने शुरू कर दिए हैं। वहीं पक्के मकानों में लाल निशान लगने से लोगों में खलबली मची हुई है।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से लोगों को सताने लगा डर

रुद्रपुर : जिला विकास प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग की टीम की कार्रवाई के दौरान लोगों की वहां भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान लोग पुलिस कर्मियों और अधिकारियों से यह जानने की कोशिश करते रहे कि अब अगली कार्रवाई क्या होगी। जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देख लोगों को डर सताने लगा है कि कब उनके आशियाने को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली, लेकिन खुलकर कोई बात करने को तैयार नहीं हुआ।

शांतिपुरी में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

बेहड़ ने 50 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

शांतिपुरी : विधायक तिलक राज बेहड़ ने बुधवार को शांतिपुरी में विधायक निधि व अन्य मदों से निर्मित करीब 50 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी में विधायक निधि से निर्मित गन्ना सेंटर से शेर राम नेता के घर तक करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का डामरी करण, पाठक गांव में राज्य वित्त से निर्मित करीब दो सौ मीटर सड़क का डामरी करण, उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि शांतिपुरी में जिला योजना से निर्मित हाईटेक शौचालय तथा उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि उच्च प्राथमिक विद्यालय में विधायक निधि से निर्मित कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि विकास को अपनी विधानसभा के हर गली मोहल्ले तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। जिस पर वह दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर तेजी से काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने का भरोसा दिया। लोकार्पण के दौरान पाठक गांव निवासी बच्ची सिंह धामी ने विधायक बेहड़ के सम्मुख नाराजगी व्यक्त की कि शिलापट में अधिक दूरी दिखाने के बावजूद मौके पर आधी सड़क ही क्यों बनी और उसे किस कारण से पूरा नहीं किया गया। जिस पर विधायक ने उन्हें आवस्त किया कि शिलापट पर सड़क की लंबाई संबंधित ठेकेदार ने गलत दर्ज की है। बावजूद इसके जल्द ही अग्रिम बजट में इसे पूरा कर दिया जायेगा। इस दौरान निर्वतमान प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय, किच्छा नगरपालिका चियरमैन दर्शन कोहली, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पूर्व ब्लांक प्रमुख किन्नू शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, नारायण सिंह कोरंगा, जीवन पाठक, गोबिन्द प्रसाद मिश्रा, प्रबंधक गांधी स्मारक निधि राजकिरन तिवारी, स्कूल प्रबंधक नंदन सिंह बिष्ट, गुड्डू पाण्डे, प्रेम आर्या, दीपक भट्ट, शेर राम नेता, बंशीधर जोशी, संजय उपाध्याय, किसन सिंह दानू, कल्याण सिंह मटियानी, रौकी टाकुली, ललित कोरंगा मौजूद रहे।

मगरमच्छ ने मजदूर पर हमला कर किया घायल

शक्तिफार्म : मजदूरी करने जाते समय एक नाला में शौच को गए जयनगर निवासी कनक साना को मगरमच्छ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति फार्म में उसका उपचार किया गया।

जयनगर निवासी कनक साना मंगलवार को सुबह 9 बजे मजदूरी करने जाते समय एक नाले में शौच के लिए चला गया। नाले में मौजूद मगरमच्छ ने कनक साना पर हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। कनक ने मगरमच्छ से संघर्ष करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और उसे मगरमच्छ से छुड़ाया। मगरमच्छ ने उसे काफी जख्मी कर दिया। लोगों ने घायल को उसके घर पहुंचाया। सूचना पर भाजपा नेता रमेश राय, विश्वजीत सरकार ने एंबुलेंस से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म पहुंचाया तथा उसका उपचार कराया। उपचार के दौरान उसके हाथ पांव व शरीर में 43 टांके लगे। वन दरोगा रामचंद्र निषाद ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया तथा घायल को आर्थिक सहायता देने की कार्रवाई शुरू की।

केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लिए लोगों को करें जागरूकः कार्की

● **जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर ने प्रदेश सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी**

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचारः मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाकर लोगों को जागरूकता शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की। इस दौरान आयोजकों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

बुधवार को विकास खंड गदरपुर के ग्राम पंचायत खटोला में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जागरूकता एवं संतुष्टीकरण अभियान चलाया गया। अतिविशिष्ट अतिथि जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर ने प्रदेश सरकार द्वारा जनजाति समाज के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। निवर्तमान प्रधान अधिवक्ता मुकेश सिंह राणा ने अपने विगत पांच वर्षों के कार्यकाल में किए विकास कार्यों का ब्यूरो प्रस्तुत किया। उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों से रुकी हुई वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशनों की जांच कर शुरू करवाने, विद्युत विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों से लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी हेमचंद्र कांडपाल व संचालन समाज कल्याण अधिकारी ललित चुफाल ने किया। इस मौके पर चंदननगर निवर्तमान प्रधान विकास सरकार, खटोला निवर्तमान प्रधान अधिवक्ता मुकेश सिंह राणा, सह खंड विकास अधिकारी कुंदन बिष्ट, समाजसेवी ललित सिंह मेहरा, डॉ. केएन जोशी, डॉ. पूजा बाठला, जेई अरुण राठौर, यशपाल सिंह चौहान, राधिका अग्रवाल, रोशन लाल, पार्वती चंद आदि मौजूद रहे।

खटोला में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को बुके भेंट करतीं समाज कल्याण अधिकारी।

बिना बताए सड़क किनारे नहीं लगा सकेंगे छबील

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः बिना बताये छबील लगाकर जाम लगाने वाले लोगों को अब छबील लगाने से पहले पुलिस को सूचना देनी अनिवार्य होगी। यदि सूचना दिए बिना सड़क किनारे छबील लगाई जाएगी तो संबंधित के खिलाफ पुलिस विधिक कार्रवाई करेगी। अक्सर गर्मियों के मौसम में देखा जाता है कि कई प्रतिष्ठानों, संगठनों, व्यापारियों व अन्य व्यक्तियों द्वारा आम जनमानस के लिए सड़क किनारे जगह-जगह पर जलपान की व्यवस्था या छबील लगाये जाते हैं। वर्तमान में भी क्षेत्र में कई जगहों पर छबील लगी देखी जा रही है। जिस कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे सड़क मार्ग पर चलने वाले अति आवश्यक सेवाओं जैसे एंबुलेंस, गर्भवती महिलाएं, बीमार व्यक्तियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस समय पर्यटक भी कार्बेट या नैनीताल को जाते हैं। ऐसे में काशीपुर एक मुख्य मार्ग है, जिस कारण रोजाना हजारों से अधिक वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। जिसके चलते कई बार जाम उत्पन्न होता देखा गया है।

मामले का संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत सड़क किनारे जलपान या छबील लगाए जाने से पहले पुलिस को सूचना देने की अपील की है। कोतवाल अमर चंद शर्मा ने कहा कि तपती गर्मी में जनमानस को छबील लगाकर जलपान कराना पुण्य का कार्य है। लेकिन इससे कई बार जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

10 बाइकों के साथ चार किशोरों को पकड़ा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचारः पुलिस टीम ने बाइक चोरी का खुलासा कर चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद की हैं। चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार चार किशोरों को पकड़ने के बाद पूछताछ में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस ने चारों किशोरों को जुबेनाईल कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में गठित की गई टीम के प्रभारी एवं कोतवाली निरीक्षक धीरेंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने रेलवे क्रॉसिंग तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार चार नाबालिगों को रोक लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए चारों नाबालिग किच्छा कोतवाली अंतर्गत बंडिया भट्टा के निवासी हैं और सभी की उम्र 13 से 15 वर्ष के बीच है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के अनुसार उनके द्वारा किच्छा, लालपुर एवं बरेली जिले के बहेड़ी एवं रिछा आदि क्षेत्रों में मोटर साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया तथा चोरी की बाईकों को मॉडिफाइड करने के बाद कुछ दिनों तक चारों नाबालिग बदल बदल कर बाइक को चलाते थे और कुछ दिन शौक पूरा करने के बाद चोरी की मोटर साइकिलों को औने पौने दामों में बेच देते थे। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि नाबालिगों के अनुसार चोरी की बाईकों की पहचान बदलने के बाद उनकी नंबर प्लेट निकालकर फेंक देते थे और फर्जी प्लेट लगा देते थे। पुलिस ने जब नाबालिगों की फटकार लगाते हुए थोड़ी सख्ती से पूछताछ की तो किशोरों ने रजपुरा के जंगल में चोरी की अन्य मोटर साइकिल छुपाए जाने की बात कबूल की।

वर्ग पहेली-6

बाएं से दाएं

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

ऊपर से नीचे

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



वर्ग पहेली -5 का हल

	1 वी	णा		2 नौ		3 तू		
4 दौ			5 वै	त	र	णी		
ड़				र		क		
6 भा	षां	7 त	र	ण				
ग		न				8 फिं		
		खे		9 बे	तु	का		
10 दु	नि	या	वी			ई		

सुडोकू-13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			5		1	
		2	3		8	6		
7	4			1			2	
6				2			4	
	8						5	
	2			9				3
	9			3			8	1
		1	4		9	5		
	3		6			2		7

सुडोकू - 12 का हल

6	4	8	3	9	7	5	1	2
1	5	7	4	8	2	3	6	9
3	9	2	6	1	5	8	4	7
7	8	3	9	5	6	4	2	1
5	2	9	1	3	4	6	7	8
4	6	1	2	7	8	9	3	5
2	3	5	7	6	9	1	8	4
9	1	4	8	2	3	7	5	6
8	7	6	5	4	1	2	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

कर्क — आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

सिंह — आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

कन्या — आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

तुला — आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

वृश्चिक — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

धनु — आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

मकर — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

कुंभ — आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

बिना टेंडर के दस करोड़ का काम कराने का आरोप, भड़के विधायक

क्वारब डेंजर जोन के वैकल्पिक मार्ग का निर्माण बिना टेंडर के कराने पर कांग्रेस मुखर

- विभाग पर लगाया नियम के खिलाफ चहेतों को टेंडर देने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : क्वारब डेंजर जोन के स्थाई समाधान को लेकर बनने वाले वैकल्पिक सड़क मार्ग का ठेका बिना टेंडर निकाल दिए जाने से कांग्रेसी भड़क गए है। बुधवार को नाराज कांग्रेसी विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में लोनिवि दफ्तर में बैठ गए। इस दौरान विभाग पर अपने चहेतों को नियम विरुद्ध कार्य देने का आरोप लगाया।

लोनिवि दफ्तर में धरने पर बैठे विधायक तिवारी और कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान धरना स्थल पर विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि क्वारब पुल के समीप बने डेंजर जोन का पिछले एक साल से स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है। लोग जान हथेली पर लेकर क्वारब मार्ग से यात्रा करने को मजबूर है। ऐसे में क्वारब डेंजर जोन के वैकल्पिक मार्ग के निर्माण को लेकर विभाग ने अपने चहेतों को फायदा देने के लिए बिना निविदा निकाले 10 करोड़ 23 लाख रुपये का कार्य दे दिया। आरोप लगाया कि करोड़ों की योजना को बिना टैंडर कैसे कराया जा सकता है। चेतावनी दी कि इस लापरवाही में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने तक वह धरने पर डटे रहेंगे।

अल्मोड़ा लोनिवि कार्यालय में धरना देते विधायक मनोज तिवारी और कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ये लोग रहे मौजूद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडे, पूरन सिंह रौतेला, डॉ. मनोज कुमार जोशी, दिनेश पिलखवाल, भैरव गोस्वामी, मनोज वर्मा, गीता मेहरा, गोविंद मेहरा, अख्तर हुसैन, जगदीश पांडे, निर्मल रावत, मनोज बिष्ट, अमर विष्ट, रोहित रौतेला, परितोष जोशी, बाल विक्रम सिंह रावत, गजेंद्र फर्त्याल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांडा में आधार कार्ड बनाने का काम ठप

बागेश्वर : कांडा क्षेत्र के स्वान केंद्र में तकनीकी खामी के चलते सर्वर बंद होने की समस्या बनी हुई है। जिससे आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कार्य कराने के लिए या तो वापस लौटना पड़ रहा है या फिर बागेश्वर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र सर्वर सही कराए जाने की मांग की है। कांडा तहसील में सर्वर डाउन होने के कारण न तो नए आधार कार्ड बनाए जा पा रहे हैं और न ही पुराने कार्डों में किसी तरह का अपडेट किया जा रहा है। इससे केंद्र पर पहुंचने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन समस्या का समाधान न होने पर उन्हें बिना काम कराए ही लौटना पड़ रहा है। यह स्थिति विशेष रूप से उन लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है, जिन्हें तुरंत आधार कार्ड की जरूरत है। इनमें छात्रों, नौकरी के इच्छुक युवाओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या अधिक हैं। उपजिलाधिकारी ललित मोहन तिवारी ने बताया कि इस संबंध में संबंधित तकनीशियन के साथ ही जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है।

बेतालघाट ने अल्मोड़ा पुलिस को परास्त किया

अल्मोड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसएसपी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में 9-ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता जारी
- 5-0 के अंतर से मुकाबला हारी अल्मोड़ा पुलिस

अमृत विचार : अल्मोड़ा स्टेडियम में नाइन-ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता जारी है। बुधवार को प्रतियोगिता के तहत बेतालघाट और अल्मोड़ा पुलिस टीम के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें बेतालघाट की टीम ने 5-0 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की।

जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी देवेंद्र पींचा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद बेतालघाट और अल्मोड़ा पुलिस टीम के मध्य मुकाबला खेला गया। शानदार मुकाबले में बेतालघाट की टीम ने 5-0 के पुलिस टीम को परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस मौके पर यहां एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल, कोच जीवन प्रकाश, भूपेंद्र भंडारी, मनीष कनवाल, गणेश शाही, राजेश बिष्ट, भूपेश बिष्ट भय्यू, गोकुल शाही, सुंदर सिंह समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली

बागेश्वर : गरूड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संपन्न बैठक में पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस ने भाजपा को झटका दिया है। भाजपा से कई लोगों ने अपने समर्थकों के साथ काग्रेस की सदस्यता ली। बैठक में केदारनाथ हादसे में मारे गए यात्रियों के प्रति शोक भी व्यक्त किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश कोरंगा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला ने कहा कि भाजपा शासन से जनता तंग है। वह पंचायत चुनावों में भाजपा को सबक सिखाना चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। अफसरशाही हावी है और माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारी नतमस्तक हैं। उन्होंने पंचायत चुनावों की तैयारियों पर जुटने को कहा। इस दौरान नरेंद्र बिष्ट, आनंदबिष्ट व बागेश्वर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शशांक वर्धन ने कांग्रेस की सदस्यता ली। बैठक में देवेंद्र परिहार, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रयागराज के लिए ट्रेन संचालन पर जताई खुशी

बैरती/चौखुटिया (अल्मोड़ा): लालकुआं से प्रयागराज के लिए साप्ताहिक ट्रेन के संचालन पर गेवाड़ घाटी क्षेत्र के लोगों ने भी खुशी का इजहार किया है। ये साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआं से प्रयागराज के लिए चलेगी। जिससे कुमाऊं क्षेत्र से प्रयागराज तीर्थाटन को जाने वाले यात्रियों और उनके साथ जाने वाले बुजुर्गों को तो सुविधा होगी। प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार हेम कांडपाल, गणेश जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, आनंद किरौला, किरन पांडेय, पूर्व प्रमुख पूरन कांडपाल, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश कांडपाल, दीपक नेगी, पूर्व शिक्षिका श्रीमती मनोरमा जोशी,हयात सिंह रावत, बद्रीनाथ सेवा समिति के पुष्कर कांडपाल आदि शामिल रहे।

रोजगार मेले में 49 अभ्यर्थियों का चयन

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में कुल 142 अभ्यर्थियों ने कराया था रजिस्ट्रेशन
- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में आयोजित मेले में छह कंपनियों ने लिया भाग

अमृत विचार : मॉडल कैरियर सेंटर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 142 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सभी का साक्षात्कार हुआ और योग्यताधारी 49 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोजगार मेले में टाटा मोटर लिमिटेड पंतनगर, हीरो मोटो कार्प, लायम ग्रुप, एडीएफसी लाईफ अल्मोड़ा, एसबीआई लाईफ अल्मोड़ा एवं एक्सेस मैक्स लाईफ इन्सोरेंस अल्मोड़ा समेत छह कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। जिसमें कुल पंजीकृत 142 अभ्यर्थियों में से 49 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी आरके पंत ने बताया कि मेले में पहुंचे अभ्यर्थियों को रोजगार मेले से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और बेराजगार अभ्यर्थियों का नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकरण किया गया। यहां मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गीता बाल्मीकि, प्रशासनिक अधिकारी बीना बिष्ट, कनिष्ठ सहायक मनोज सिंह मेहरा, मोहित पांडे, पंकज कुमार कुलकोड़िया ने सहयोग किया।

संस्था के चुनाव को अधिसूचना जारी

पिथौरागढ़ : जिला अधिवक्ता संस्था पिथौरागढ़ के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट पीसी पाटनी ने बताया कि पूर्ण कोरम के साथ चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया है। नियमानुसार चुनाव कराए जाने के लिए सस्था के पंजीकृत सदस्यों में से दो चुनाव अधिकारियों का चयन संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। दोनों चुनाव अधिकारियों ने बुधवार को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी, जोकि 25 जून तक जारी रहेगी। 26 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 जून को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी, जबकि पांच जुलाई को मतदान होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

बाटनागाड़ नाला उफनाया, यात्रा पर ब्रेक

- ढुलीगाड़, भैरव मंदिर व काली मंदिर सहित कई स्थानों पर फंसे 2 हजार से अधिक श्रद्धालु
- टनकपुर-ढुलीगाड़ सड़क पर बाटनागाड़ क्षेत्र कीचड़ व दलदल से पटा

संवाददाता, टनकपुर

पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में जान जोखिम में डालकर गुजरते श्रद्धालु।

अमृत विचार : पूर्णागिरि मार्ग पर बाटनागाड़ नाले ने श्रद्धालुओं की राह रोक दी है। नाले के उफान में आने और सड़क के करीब 400 मीटर क्षेत्र में कीचड़ व दलदल होने से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। श्रद्धालुओं को पूर्णागिरि ले जा रही एक जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। गनीमत यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित है।

मानसूनी सीजन शुरू होने के साथ ही चार दिनों में यह दूसरा मौका है, जब बाटनागाड़ नाले की वजह से वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लग गया है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, पूर्णागिरि सड़क पर मंगलवार की रात्रि करीब 2 बजे से बाटनागाड़ नाला उफनाया है। करीब 400 मीटर का क्षेत्र कीचड़ और दलदल से पट गया है। बुधवार की सुबह टनकपुर से श्रद्धालुओं को लेकर पूर्णागिरि की ओर जा रही जीप बाल-बाल बची। जीप तो सड़क से नीचे गिर गई, लेकिन उससे पूर्व सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया था। पूर्णागिरि धाम में 2 हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हैं। इन यात्रियों को निकलने का प्रयास किया जा रहा है। ठुलीगाड़ पुलिस चौकी के प्रभारी राकेश कठायत के नेतृत्व में पुलिस टीम और एसएसबी की टीम पूर्णागिरि मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं को सकुशल निकला गया। प्रशासन ने फिलहाल पूर्णागिरि की यात्रा पर रोक लगा दी है। ये सड़क पूर्णागिरि के अलावा चूका, कलढूंगा, श्रीकुंड सहित टनकपुर-जौलजीबी सड़क के रास्ते के ढेरों गांवों को जाती है। इन गांव की आवाजही भी बंद है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह सामंत का कहना है कि रोड को खोलने का मशीन लगा प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कीचड़ व दलदल ज्याद होने से इसमें समय लग सकता है। फिलहाल इस स्थान से आवाजाही पूरी तरह रोकी गई है। बता दें कि इससे पूर्व मानसून के पहले दिन 15 जून की सुबह भी बाटनागाड़ के उफान पर आने से करीब 1 घंटे वाहनो का आवागमन बंद रहा था।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

रेंजर्स दल का कार्यक्रम आयोजित

बनबसा, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में रेंजर्स दल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं में नेतृत्व कौशल, सेवा भाव, अनुशासन और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों का विकास करना था। मुख्य अतिथि महाविद्यालय खटीमा के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज कुमार पांडे रहे। प्राचार्य प्रोफेसर आनंद प्रकाश सिंह ने टीम की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भविष्य में हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रहेगी और देश तथा टीम के लिए अपना पूर्ण योगदान देगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश पंत, हेमा जोशी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बंशीधर उपाध्याय, रोवर संदीप कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. भूप नारायण दीक्षित, डॉ. सुधीर मलिक आदि मौजूद रहे। संचालन हेम कुमार गहतोड़ी ने किया।

पुलिस गिरफ्त में स्मैक तस्कर।

पुलिस ने 6.39 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया

बनबसा : पुलिस ने थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कोरंगा के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान दो आरोपियों के पास से 6.39 ग्राम स्मैक बरामद की है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कोरंगा ने बताया तिलाचौड़ वार्ड नं 08 नपा भीमदत्त नेपाल निवासी भीम बहादुर धामी के पास से 03.40 ग्राम स्मैक तथा महेश दत्त जोशी के पास से 02.99 ग्राम स्मेक बरामद की गई है। बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में बैराज चौकी प्रभारी अरविन्द कुमार, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, कांस्टेबल जगदीश सिंह, रमेश काण्डपाल, राजेश गिरी शामिल थे।

कार्यशाला में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी

- जागेश्वर विधानसभा के डोल मंडल में योजनाओं पर भी हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

डोल मंडल में आयोजित कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ने जागेश्वर विधानसभा के डोल मंडल में कार्यशाला आयोजित की। इस दौरान लोगों को सरकार की अब तक की उपलब्धियों को बताया।

कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं ने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना जैसी दर्जनों योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ आम जन मानस को मिल रहा है। यहां कार्यशाला में दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया, मंडल अध्यक्ष दिनेश पांडे, खीम बिष्ट, त्रिलोक रावत, हरीश बोरा, पूनम पालीवाल, गोविंद खोलिया, शंकर बोरा, रमेश बोरा, रमेश नयाल, दीपा देवी, प्रकाश त्रिकोटी, जीवन बिष्ट, भुवन पांडे, धन सिंह, जगदीश बिष्ट, देवकी बिष्ट, भास्कर धनखोला, दिनेश बोरा, चतुर सिंह, महेंद्र मेर, तारा बजेठा, नवीन बजेठा, कुंदन फर्त्याल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वस्थ जीवन के लिए योग करना आवश्यक

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : जे एंड जे सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज गनियाद्योली में योग दिवस 21 जून को ग्रीष्मावकाश होने के कारण बुधवार को प्रातः कालीन सत्र में योग दिवस मनाया गया।

योग दिवस मनाते हुए प्रधानाचार्य विनोद खुल्बे, प्रशिक्षक दीपक मेहरा, शिक्षक -शिक्षिकाओं के साथ विद्यार्थियों ने योग क्रियाएं की। प्रशिक्षक दीपक मेहरा ने सभी को योग करने के लाभ बताते हुए अनेक योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रतिदिन योग करना नितांत आवश्यक है।

22 को सीएम आवास कूच करेंगे मनरेगा कर्मी

पिथौरागढ़, अमृत विचार : महात्मा गांधी नरेगा कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष महादेव प्रसाद ने बताया कि राज्य में मनरेगा के अंतर्गत विगत 18 वर्ष से कार्यरत मनरेगा कर्मकार अन्य राज्य राजस्थान / हिमाचल प्रदेश में जिस प्रकार से मनरेगा कार्मिकों के पदों को सृजित करते हुए नियमित किया गया है, उसी नियमावली को अपनाते हुए समायोजन नियमितिकरण की मांग कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को समान कार्य, पेंशन व पीएफ आदि पर सरकार द्वारा कोई सकरात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 22 जून को मुख्यमंत्री आवास कूच किया जाएगा।

समस्या पेयजल योजना के पंप में खराबी आने के कारण एक सप्ताह से नलों में नहीं आ रहा पानी, धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

सूखीढांग में पेयजल किल्लत से बढ़ी लोगों की मुसीबत

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सूखीढांग बृजनगर में एक सप्ताह से नलों में पानी की बूंद नहीं टपकी है। हालांकि जल संस्थान वाहनों के माध्यम से पानी बांटकर लोगों को राहत दे रहा है, लेकिन इससे पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पेयजल समस्या से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

तल्ला पाल विलौन संघर्ष समिति के संयोजक पंडित शंकर जोशी ने बताया कि विगत तीन वर्ष पूर्व सूखीढांग बृजनगर के लिए बनी पंपिंग योजना का पंप एक महीने भी नहीं चल पाया। एक सप्ताह पूर्व से पंप खराब चल रहा है। श्यामलाताल बृजनगर पंपिंग योजना की लाइन को हटा दिए जाने से संकट और अधिक गहरा गया है। उन्होंने बताया कि बृजनगर बाजार चम्पावत का प्रथम एवं अंतिम हिल स्टेशन है, जहां पर दिन भर में सैकड़ों की संख्या में निजी और टैक्सी वाहनों से आवागमन करने वाले लोग चाय, नाश्ता, जलपान, भोजन ,अचार, मुरब्बा, जूस, आदि खरीदने के लिए रुकते हैं। वर्तमान में पर्यटक सीजन होने से मैदानी क्षेत्रों व अन्य प्रदेशों से भी लोग आदि कैलास, जागेश्वर धाम, पाताल भुवनेश्वर, मुनस्यारी आदि पर्यटक स्थलों की यात्रा में आ रहे हैं, जिन्हें भी पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। बृजनगर सुलभ शौचालय में पानी नहीं होने से पर्यटकों को भारी असुविधा हो रही है। बताया कि जल संस्थान केवल दो चार बाल्टी पानी दे कर इतिश्री कर रहा है। 20 वर्ष पूर्व लगे हैंडपंप की जाली फट जाने से गंदा मटमैला पानी निकल रहा है। जिससे संक्रामक रोग होने का खतरा बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन फेल होने से सात स्वतंत्रता सेनानियों के क्षेत्र धूरा, चौड़ाकोट, तलियाबांज, मथियांबाज, बृजनगर, आमखर्क, जौल, बमनजौल, श्यामलाताल आदि गांवों की पांच हजार से अधिक की आबादी पेयजल संकट का सामना कर रही है। क्षेत्र के लोगों ने पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

बृजनगर में टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

पेयजल योजना का लाभ न मिलने की शिकायत

लोहाघाट : बाराकोट ब्लाक की ग्राम सभा काकड़ के मल्ली जिंडी तोक निवासी केशवी देवी ने पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम नीतेश डांगर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनका घर ग्राम सभा काकड़ से लगभग 800 मीटर दूर और मुख्य पेयजल टैंक से 50 मीटर ऊंचाई पर है। चढ़ाई के कारण उनके घर तक पानी नहीं पहुंचता। उन्होंने कई बार जल संस्थान के अभियंताओं को इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि सरकार की हर घर नल, हर घर जल योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

सूखीढांग बृजनगर में पंप में तकनीकी खराबी आने से समस्या उत्पन्न हो गई थी। बुधवार को नया पंप आ गया है। पंप लगाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। गुरुवार से पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।
-**बिलाल यूनूस**, ईई, जल संस्थान, चम्पावत

पिरूल वूमेन मंजू ने सिखाई कलाकृति बनाने की विधियां

पिरूल कार्यशाला में मंजू को सम्मानित करते अधिशासी अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : योग सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में छावनी परिषद् रानीखेत द्वारा आज छावनी परिषद् सभागार में कलाकृति निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला द्वारा किया गया। पिरूल वुमेन ऑफ़ उत्तराखंड" के नाम से विख्यात मंजू आर साह द्वारा कार्यशाला में पिरूल के माध्यम से विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण की विधियां बताई।

साह द्वारा अनेक कलाकृतियों के निर्माण की बारीकियों को समझाया गया. प्रशिक्षण के दौरान लगभग 40 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर छावनी परिषद् से राजस्व अधीक्षक राजेन्द्र पन्त, स्वच्छता निरीक्षक अजय प्रताप, चन्दन कुमार, रेंजर कमल फर्त्याल, प्रोग्रामर मोहमद अकील अहमद, स्टोर कीपर चंद्रभानु, ललित कुमार, सावन कुमार, एलीजाबेथ पेट्रिक व महिका फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे

● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।

2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

नई दिल्ली। आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

साइबर धोखाधड़ी रोकने को निकालें समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप से डिजिटल गिरफ्तारी और अन्य प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए समाधान निकालने को कहा।

सीतारमण ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) इकाइयों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वित्तीय समावेश को गति देने और भुगतान प्रणाली को दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में मदद की है। उन्होंने डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स, 2025 समारोह में कहा कि यह सुनिश्चित

● वित्त मंत्री सीतारमण ने की वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों की सफलता की सराहना

करना महत्वपूर्ण है कि स्टार्टअप कंपनियां समाधान लेकर आएं ताकि लोगों को घर पर डिजिटल रूप से गिरफ्तार न किया जाए या रातों-रात कोई उनका पैसा लेकर भाग नहीं जाए। एक और बड़ा खतरा डीप फेक है, जो जनता को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। आज, हमें इन समस्याओं से निपटने का ध्यान देना चाहिए। इसलिए हमें फिनटेक कंपनियों के एक समूह की जरूरत है जो लगातार नई चुनौतियों से निपटने को लेकर समाधान निकालने के लिए काम कर रही हैं। वित्त मंत्री ने फिनटेक क्षेत्र से डिजिटल ऋण सुविधाओं को एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र तक बढ़ाने का भी आह्वान किया। सीतारमण ने कहा कि भारतीय फिनटेक क्षेत्र में होने वाले नवोन्मेष में वैश्विक सार्वजनिक वस्तु बनने की क्षमता है, जिससे अन्य उभरती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है। इससे हमारी कंपनियों के लिए नए बाजार खुलेंगे।

बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक

(सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रीय

एक नजर

ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

जयपुर। जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देशा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

जम्मू। सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

चाईबासा (झारखंड)। पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा,

● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

अमरनाथ यात्रा

चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

श्रीनगर। सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एजेंसी ने एसीबी की प्राथमिकी पर पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला किया दर्ज

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण 'घोटाले' की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी हैं।

विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

अमन और आशा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस सोनम के घरवालों से पूछताछ

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड

● सोनम के बर्ताव को लेकर पुलिस दल ने की सामान्य पूछताछ

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने को मेघालय पुलिस का दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के घर पहुंचा, जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के निकलने के बाद सोनम का भाई गोविंद कार लेकर चला गया।गोविंद ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

एअर इंडिया ने तकनीकी कारणों से तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कीं रद्द

मुंबई। एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी समस्याओं सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

एअर इंडिया ने बताया कि उसे 18 जून की टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआई188 रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा विनियामक मानदंडों से अधिक होने से रद्द करना पड़ा। जो यात्री पहले ही विमान में सवार हो चुके थे, उन्हें उड़ान रद्द होने के बाद नीचे उतार दिया गया। दुबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया और यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद उतार दिया गया। दिल्ली से बाली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया, क्योंकि गंतव्य बाली के निकट ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी।

महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

मुंबई/पुणे, एजेंसी

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

एक नजर

दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला

लंदन : दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

नयी दिल्ली : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन

तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।

राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

लंदन : टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

पासाडेना (अमेरिका) : इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला के हराया

मुंबई : जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

नई दिल्ली : भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने पीटीआई से कहा इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा।

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। ● एजेंसी

2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला

टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली श्रृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

लीड्स, एजेंसी : पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।

लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत

लीड्स : भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

लीड्स, एजेंसी

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। ● एजेंसी

भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

लीड्स : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले। यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।

बीसीसीआई की याचिका खारिज

मुंबई, एजेंसी : मुंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली बीसीसीआई की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है।

भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

लीड्स, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। ● एजेंसी

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

नई दिल्ली : अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरु करेगी भारतीय टीम

दुबई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

● महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

महिला टी20 विश्व कप

- **12** जून को इंग्लैंड में आगाज
- **05** जून को समापन होगा
- **24** दिन चलेंगे मुकाबले
- **33** मैच कुल खेले जाएंगे
- **07** मैदानों पर होंगी टक्कर
- **12** टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया

स्वागत

जी 7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया गया। क्रोएशिया में उनकी यह पहली यात्रा होने के साथ तीन देशों के दौरे का अंतिम चरण भी है। जाग्रेब में उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। एजेंसी

करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण

दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध: 7 करोड़ लोगों की मौत

द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

चीन-जापान युद्ध: 4 करोड़ हत्याएं

7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई

फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत

सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

प्रथम विश्व युद्ध: डेढ़ करोड़ जानें गई

प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया-हंगरी के राजकुमार अर्चड्युक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

दुबई, एजेंसी

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।

इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत

इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

ईरान ने दागी 400 मिसाइलें

ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।

तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

संघर्ष में हिस्सा लेने पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

वाशिंगटन। ईरान और उसके परमाणु प्रतिष्ठानों के खिलाफ इजराइली अभियान में अमेरिका की संभावित भागीदारी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के परमाणु ढांचे, विशेष रूप से फोर्डो में भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर हमला करने संबंधी अभियान पर ट्रंप गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

रूस, यूएई का तत्काल संघर्ष खत्म करने का आह्वान

मॉस्को। रूस और संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को तत्काल समाप्त करने तथा तेहरान के परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के मुताबिक, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ टेलीफोन पर बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा की। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इजराइल और ईरान के बीच मध्यस्थता करने को तैयार है।

ईरान में फंसे लोगों के लिए लद्दाख में नियंत्रण कक्ष

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकारियों ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे छात्रों और अन्य लोगों के परिवारों की सहायता के लिए बुधवार को यहां एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने की घोषणा की। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, जिला प्रशासन ने उपायुक्त कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। 24 घंटे संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

जी 7: ट्रंप के लौटने के बाद अहम मुद्दों पर नहीं हो सका फैसला

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

● शीर्ष मुद्दों पर चर्चा लेकिन समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहे नेता

जी-7 के छह नेताओं ने यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-ईरान संघर्ष पर चर्चा की लेकिन वे इस संबंध में और कई अन्य शीर्ष मुद्दों पर अहम समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहे। शिखर सम्मेलन में यह दिखाने की कोशिश की गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मेलन से जल्दी विदा लेने के बावजूद विश्व के अमीर देशों के नेता वैश्विक नीति को आकार दे सकते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ जो इस बात की पुष्टि करे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली तथा जापान के उनके समकक्ष मंगलवार को सम्मेलन के अंतिम सत्र में शामिल हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो प्रमुख मार्क रुट ने भी शिरकत की। जेलेंस्की ने कहा, हमें सहयोगी देशों के समर्थन की जरूरत है और इसलिए मैं यहां आया हूं। हम शांति समझौतों, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन इसके लिए हमें दबाव बनाने की जरूरत है। सम्मेलन में शामिल हुए बाकी नेताओं ने ऐसी गैर-बाजार नीतियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमति जताई जो महत्वपूर्ण खनिजों तथा वैश्विक पहुंच को खतरे में डाल सकती हैं। उन्होंने नौकरियों और पर्यावरण पर कृत्रिम मेधा (एआई) के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने का भी संकल्प लिया लेकिन साथ ही प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति की क्षमता को भी अपनाने पर जोर दिया।

निज्जर मामले पर कार्नी ने की मोदी से बात

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उन्हें खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कार्नी से पूछा गया था कि क्या उन्होंने सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या के बारे में बात की थी। इस सवाल के जवाब में कार्नी ने कहा, हमने इस बारे में चर्चा की।

एक नजर

एक्सियोम मिशन: अब 22 को भेजा जा सकता है दल

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार

काठमांडू। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे

बीजिंग। दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

अहमदाबाद, एजेंसी

● जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि जयराम को 16 जून को गिरफ्तार किया गया था लेकिन शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के बाद अगले दिन शाम करीब पांच बजे उन्हें रिहा किया गया। रिहा करने के बावजूद पुलिस अधिकारी को निलंबित रखा गया और कहा गया कि हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निर्देश पारित किया है।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर के साथ लंच करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

● इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। इस संबंध में व्हाइट हाउस की ओर से सूचना जारी की गई है।

सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे भोजन का कार्यक्रम है। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के कनैनिस्किस की अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद में अधिकारी मुनीर को व्हाइट हाउस का निमंत्रण मिलने को एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। फील्ड मार्शल मुनीर ने अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत से क्षेत्रीय आधिपत्य थोपने का प्रयास करने के बजाये पाकिस्तान के साथ 'एक सभ्य राष्ट्र की तरह' व्यवहार करने का आग्रह किया। मुनीर को पिछले महीने पाकिस्तान सरकार ने फील्ड मार्शल रैंक पर पदोन्नत किया था।

ईडी ने कुर्क किया 44 करोड़ का मकान

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि नोएडा स्थित एक रियल्टी कंपनी और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ जांच के तहत दिल्ली में 44 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एक आवासीय संपत्ति कुर्क की गई है।

मामला गृह क्रेताओं के साथ धोखाधड़ी करने से संबंधित है। यह मामला भसीन इन्फोटेक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसके निदेशक सतिंदर सिंह भसीन से संबंधित है। धनशोधन का यह मामला नोएडा पुलिस द्वारा 2015 में बीआईआईपीएल, ग्रैंड वेनिस समूह की संस्थाओं, भसीन, क्विंसी भसीन और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोपों में दर्ज की गई कई प्राथमिकी से जुड़ा है।

सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है।

हिंदी में शुक्ल को कहानी एक बटे बारह के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को कहानी दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड, उर्दू में लेख कौमी सितारे को गज़नफर इकबाल, मैथिली में मुन्नी कामत को कहानी चुक्का के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को कहानी एखोनो गाये कांटा देय, गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को कविता टिंचक, मराठी में सुरेश सावंत को कविता आभालमाया और पंजाबी में अमृत पाल सिंह को उपन्यास जादू पत्ता के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।

सुशील शुक्ला

पार्वती तिर्की

बड़ी उपलब्धि ब्रिटेन की टी 4 एजुकेशन संस्था ने समाज में व्यापक योगदान देने वाले टॉप टेन स्कूलों की सूची की जारी

वाराणसी के डीपीएस समेत देश के 4 स्कूल विश्व में सर्वश्रेष्ठ

हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक का भी एक-एक स्कूल सूची में शामिल

लंदन, एजेंसी

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।

फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।